सहज®

वित्तीय वर्ष
2025–2026

# बारहवीं वार्षिक रिपोर्ट एवं वित्तीय विवरण

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड



सहज
Saahaj
Premium
Ghee
घी
NET QUANTITY
शुद्धता का वादा,
स्वाद भी ज़्यादा
व्यापार से संबंधित जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड,
यूनिट नं. 401–02–03–04, चतुर्थ तल, पदम कॉर्पोरेट पार्क,
प्लॉट नं. बी.एस.–10, सेक्टर–13, आवास विकास सिकन्दरा योजना,
आवास विकास कॉलोनी, आगरा–282007, उत्तर प्रदेश, भारत
दूरभाष नं. :91–0562–6623300
दुग्ध उत्पादकों की अपनी कम्पनी

## निदेशक मण्डल

| | |
|---|---|
| श्रीमती उमा भदौरिया (डी.आई.एन. 10242870) | अध्यक्ष एवं निदेशक |
| श्रीमती सपना (डी.आई.एन. 08865085) | निदेशक |
| श्री अवनेश कुमार (डी.आई.एन. 10756258) | निदेशक |
| श्री शिलेन्द्र कुमार (डी.आई.एन. 10739035) | निदेशक |
| श्री योगेश कुमार जादौन (डी.आई.एन. 08526498) | निदेशक |
| श्री राहुल कुमार (डी.आई.एन. 09680147) | निदेशक |
| श्रीमती सुलेखा (डी.आई.एन. 10242846) | निदेशक |
| श्रीमती रजनी (डी.आई.एन. 10739075) | निदेशक |
| श्रीमती प्रेमलता (डी.आई.एन. 11200161) | निदेशक |
| श्रीमती सोनम कुमारी (डी.आई.एन. 11200113) | निदेशक |
| श्रीमती पूनम यादव (डी.आई.एन. 11200177) | निदेशक |
| डॉ. रघु हसन मल्लेगौड़ा (डी.आई.एन. 08936193) | विशेषज्ञ निदेशक |
| डॉ. सौगता मित्रा (डी.आई.एन. 00541858) | विशेषज्ञ निदेशक |
| डॉ. प्रफुल भानवाडिया (डी.आई.एन. 07477658) | निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी |

### कंपनी सचिव

**श्री वरूण वर्मा**

### वैधानिक अंकेक्षक

**मैसर्स एस.एन. धवन एण्ड कंपनी एल.एल.पी.**
चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स
गुरुग्राम, हरियाणा

### बैंकर्स

एच.डी.एफ.सी. बैंक
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
आई.सी.आई.सी.आई. बैंक
ऐक्सिस बैंक
इण्डियन बैंक

### पंजीकृत कार्यालय

**सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड**
(सी.आई.एन. : U01403UP2014PTC066595)
यूनिट नं. 401–02–03–04, चतुर्थ तल, पदम कॉर्पोरेट पार्क,
प्लॉट नं. बी.एस.–10, सेक्टर–13, आवास विकास सिकन्दरा योजना,
आवास विकास कॉलोनी, आगरा–282007, उत्तर प्रदेश, भारत
दूरभाष नं. +91–0562–6623300
E-mail : info@saahajmilk.com
Website : www.saahajmilk.com

### आंतरिक अंकेक्षक

**मैसर्स बोरकर एण्ड मजूमदार**
चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स
मुम्बई

### रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट्स

**बीटल फाइनेन्शियल एण्ड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि.**
**बीटल हाउस, तृतीय तल**
99, मदनगीर, एलएससी के पीछे, नई दिल्ली–110062

### अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विवरण | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष सन्देश | 3–4 |
| 2. | निदेशकों की रिपोर्ट | 5–32 |
| 3. | स्वतन्त्र अंकेक्षकों की रिपोर्ट | 33–47 |
| 4. | वित्तीय विवरण 01 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक | 48–83 |
| | (अ) आर्थिक चिट्ठा | 48 |
| | (ब) लाभ–हानि विवरण | 49 |
| | (स) रोकड़ प्रवाह विवरण | 50 |
| | (द) नोट्स जो की वित्तीय विवरण का हिस्सा है | 51–83 |
| | संलग्नक : तेरहवीं वार्षिक आम सभा का सूचना पत्र एवं सम्बन्धित अनुलग्नक | 84–109 |

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

## कम्पनी के मूल्य, ध्येय एवं दीर्घदृष्टि

### मूल्य

★ ईमानदारी

★ दूरदर्शिता

★ गुणवत्ता

★ पारदर्शिता

★ टीम-भावना

★ साहस और जुनून

★ जागरूकता और जिम्मेदारी सभी स्तर पर

★ समय तत्परता

### ध्येय

सहज दुग्ध उत्पादक संस्था अपने सदस्यों के दूध की प्रतिस्पर्धात्मक कीमत देते हुए और दूध उत्पादन बढ़ाने तथा लागत खर्च कम करने के लिए आवश्यक सेवाएँ प्रदान करते हुए उनके दूध व्यवसाय से अर्जित लाभ को बढ़ाने के लिए कृत संकल्प है।

### दीर्घ दृष्टि

सहज दुग्ध उत्पादक संस्था दूध व्यवसाय के क्षेत्र में उत्तर भारत की अग्रणी संस्था होगी तथा दूध उत्पादकों, उपभोक्ताओं और कर्मचारियों की पहली पसंद होगी।

(नोट : हिन्दी भाषा में अनुवादित दस्तावेजों में किसी भी अस्पष्टता पाये जाने पर अंग्रेजी भाषा में लिखित दस्तावेज ही अन्तिम रूप से मान्य होंगे)

# अध्यक्ष संदेश

प्रिय अंशधारकों,

मुझे यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि मैं आपके समक्ष वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान आपकी कंपनी के प्रदर्शन का विवरण प्रस्तुत कर रही हूँ। यह वर्ष कंपनी के लिए निरंतर प्रगति, सुदृढ़ विकास एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों का एक और सफल वर्ष रहा है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सहज ने अपने परिचालन के बारह वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण किए। कंपनी की प्रगति उसके सदस्य आधार में निरंतर वृद्धि तथा दुग्ध उत्पादक द्वारा कंपनी पर व्यक्त किए गए अटूट विश्वास का प्रत्यक्ष प्रमाण है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान आपकी कंपनी ने रु. 1,084.98 करोड़ का कारोबार (टर्नओवर) प्राप्त किया तथा रु. 8.16 करोड़ का कर–पूर्व लाभ (Profit Before Tax & PBT) अर्जित किया। यह उल्लेखनीय उपलब्धि कंपनी से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की अटूट प्रतिबद्धता, समर्पण एवं सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आपके निदेशक मंडल ने उन सदस्यों के लिए, जिनके नाम 31 मार्च, 2026 को कंपनी के सदस्य रजिस्टर में दर्ज थे, वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु लाभांश (डिविडेंड) की अनुशंसा की है।

मुझे यह अत्यंत हर्ष है कि कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान अपने सक्रिय दुग्ध उत्पादक सदस्यों को रु. 13.09 करोड़ की कुल निष्ठा प्रोत्साहन राशि (Loyalty Incentive) प्रदान की। यह प्रोत्साहन निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सदस्यों को प्रदान किया गया, जो सदस्य सहभागिता एवं निष्ठा को प्रोत्साहित करने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है। यह कंपनी की बारह वर्षों की यात्रा में प्रदान की गई अब तक की सर्वाधिक निष्ठा प्रोत्साहन राशि है।

कंपनी ने डेयरी क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता को सदैव प्रोत्साहित किया है तथा घरेलू उत्तरदायित्वों एवं आय सृजन गतिविधियों के मध्य संतुलन स्थापित करने की उनकी विशिष्ट क्षमता को सदैव सम्मान दिया है। वर्षांत सदस्यता आँकड़ों के अनुसार, कंपनी के कुल 1,46,648 सक्रिय सदस्यों में से 73,178 महिला सदस्य, जिन्होंने सक्रिय योगदान दिया। यह उपलब्धि डेयरी क्षेत्र में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने तथा समावेशी एवं सतत विकास सुनिश्चित करने के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

वर्ष के दौरान कंपनी ने अपने दुग्ध उत्पादक सदस्यों से प्रतिदिन औसतन 5.20 हजार किलोग्राम (TKg) का संग्रहण किया तथा इसके साथ ही प्रतिस्पर्धी एवं लाभकारी दुग्ध क्रय मूल्य सुनिश्चित किए। दुग्ध संग्रहण के अतिरिक्त, कंपनी से कृत्रिम गर्भाधान (Artificial Insemination & AI), राशन संतुलन (Ration Balancing) तथा एथनो–वेटरिनरी मेडिसिन (Ethno-Veterinary Medicine-EVM) के प्रोत्साहन सहित विभिन्न विस्तार सेवाएँ सदस्यों के द्वारा तक पहुँचाना जारी रखा। इन सेवाओं के माध्यम से पशुओं के स्वास्थ्य, उत्पादकता तथा सतत डेयरी प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त हुआ।

इसके अतिरिक्त, कंपनी द्वारा सदस्यों के घरों पर अत्यंत रियायती लागत पर 100 से अधिक बायोगैस संयंत्र स्थापित किए गए। इस पहल से सदस्यों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ–साथ प्राकृतिक

संसाधनों के प्रभावी उपयोग द्वारा पर्यावरणीय संरक्षण एवं सतत विकास को भी प्रोत्साहन मिला है।

कंपनी ने अपने सदस्यों को उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी आदान (Inputs) एवं उत्पाद उपलबध कराना भी निरंतर जारी रखा। वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा दुग्ध उत्पादक सदस्यों को 191 मीट्रिक टन घी, 10,278 मीट्रिक टन पशु आहार, 265 मीट्रिक टन मिनरल मिक्सचर तथा 83.30 मीट्रिक टन चारा बीज उपलब्ध कराए गए।

कृत्रिम गर्भाधान सेवाओं के क्षेत्र में कंपनी ने 712 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों के माध्यम से सेवाएँ प्रदान करते हुए वर्ष के दौरान कुल 9.19 लाख कृत्रिम गर्भाधान सफलतापूर्वक सम्पन्न किए। साथ ही, पशु चिकित्सा सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुलभ बनाने के उद्देश्य से कंपनी ने दो मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयाँ (Mobile Veterinary Units) प्रारम्भ की हैं, जिससे सदस्य किसानों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पशु स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकें।

वर्ष के दौरान संस्था के विभिन्न स्तरों पर कुल 13,345 काइज़ेन (Kaizen) सफलतापूर्वक लागू किए गए, जिनके परिणामस्वरूप कंपनी को रु. 3.81 करोड़ से अधिक की अनुमानित बचत प्राप्त हुए।

मैं इस अवसर पर अपने सभी सह–निदेशकों को, विशेषज्ञ निदेशकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा कंपनी के प्रत्येक कर्मचारी के प्रति उनके अटूट समर्पण, कठिन परिश्रम एवं प्रतिबद्धता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ। उनके सामूहिक प्रयासों ने कंपनी के उद्देश्यों की प्राप्ति तथा हमारे सदस्यों के लिए सतत मूल्य सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मैं अपने सभी दुग्ध उत्पादक सदस्यों, ग्राहकों, व्यावसायिक सहयोगियों, बैंकरों तथा अन्य सभी हितधारकों का भी उनके निरंतर विश्वास, सहयोग एवं समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ। हम सभी मिलकर डेयरी क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने तथा अपने सदस्यों एवं समाज के लिए दर्घकालिक मूल्य सृजित करने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

मूझे पूर्ण विश्वास है कि आपके निरंतर सहयोग एवं विश्वास के बल पर कंपनी आने वाले वर्षों में भी सतत विकास, उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं नई सफलताओं की दिशा में अपनी प्रगति यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाती रहेगी।

**आपकी विश्वसनीय**
ह./–
**उमा भदौरिया**
**अध्यक्ष एवं निदेशक**
**डी.आई.एन. : 10242870**

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड

## अंशधारकों को निदेशकों की बारहवीं

निदेशकों को आपके समक्ष 31 मार्च, 2026 तक अंकेक्षित विवरण के साथ कंपनी के संचालन सम्बन्धी बारहवीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए खुशी हो रही है।

### वित्तीय प्रदर्शन :

संक्षिप्त वित्तीय परिणाम निम्नानुसार है :

(रु. करोड़ में)

| विवरण | 31.03.2026 (को समाप्त वर्ष के लिए) | 31.03.2025 (समाप्त वर्ष के लिए) |
|---|---|---|
| कुल आय | 1084.98 | 1021.73 |
| खर्च सहित कुल लागत | 1076.82 | 1014.22 |
| कर से पूर्व लाभ/हानि | 8.16 | 7.51 |
| कर व्यय | | |
| (1) वर्तमान कर | 2.09 | 1.83 |
| (2) पिछले वर्ष का अतिरिक्त कर प्रावधान | – | – |
| (3) स्थगित कर | 0.13 | 0.13 |
| कुल कर खर्च | 2.14 | 1.96 |
| लाभ / (हानि) कर के बाद | 6.01 | 5.55 |

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी ने 1076.28 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल किया है।

वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान कंपनी का कुल राजस्व रु. 1084.98 करोड़ दर्ज हुआ हैं तथा पिछले वित्तीय वर्ष में कुल राजस्व रु. 1021.73 करोड़ दर्ज हुआ था। पिछले वर्ष व्यय सहित कुल लागत रु. 1014.22 करोड़ थी। इस वर्ष व्यय सहित कुल लागत रु. 1076.82 करोड़ रुपये है। इसके परिणामस्वरूप कर पूर्व लाभ / (हानि) (पीबीटी) रु. 8.16 करोड़ हुआ है और कर पश्चात लाभ / (हानि) रु. 6.01 करोड़ का हुआ है। अंश जिसका अंकित मूल्य रु. 100 / – है, उसकी प्रति अंश आय (ईपीएस) रु. 18.34 / – है जोकि कुल इक्विटी पूंजी रु. 36.13 करोड़ के आधार पर है।

### सीमित लाभांश (डिविडेंड) :

कंपनी के पास सदस्यों को अंश पूँजी पर लाभांश की घोषणा का एक सुसंगत ट्रैक रिकार्ड है। आपकी कंपनी के निदेशकों ने 21.08.2026 को हुई बैठक में 36.13 करोड़ रुपये की इक्विटी अंश पूंजी पर प्रति अंश 9/– रुपये के लाभांश की सिफारिश की। आगामी तेरहवीं वार्षिक आम बैठक में सदस्यों के अनुमोदन के अधीन, उन सदस्यों को लाभांश भुगतान किया जाएगा जिनके नाम 31.03.2026 को सदस्यों के रजिस्टर में दिखाई देंगे।

वित्तीय वर्ष के लिए प्रति इक्विटी अंश 9/– रुपये की दर से कुल लाभांश 3.25 करोड़ रुपये होगा।

**सामान्य संचय में स्थानांतरण :**

बोर्ड ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 378ZA तथा कंपनी के अंतर्नियमों के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए कंपनी के कर पश्चात लाभ में से रुपये 2.76 करोड़ सामान्य संचय के खाते में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखा है।

**दुग्ध संकलन परिचालन का अवलोकन**

सहज मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन ने विकास की अपनी 11 वर्षों की प्रेरणादायक यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण की है, जो उल्लेखनीय उपलब्धियों, बहुमूल्य अनुभवों तथा सतत प्रगति से परिपूर्ण रही है। वर्षों के दौरान संगठन ने दुग्ध क्षेत्र में एक विश्वसनीय, भरोसेमंद एवं किसान–केंद्रित संस्था के रूप में अपनी मजबूत पहचान स्थापित की है। पारदर्शी दुग्ध संकलन व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण सेवाओं तथा सदस्य कल्याण के प्रति सहज निरंतर प्रतिबद्धता ने सहज के कार्यक्षेत्र में दुग्ध उत्पादक किसानों का अटूट विश्वास अर्जित किया है।

वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में संगठन 19 जनपदों के 5,072 ग्रामों में कार्यरत थी तथा 1,28,515 सदस्य थे। वर्ष के दौरान संगठन का कार्यक्षेत्र बढ़कर 22 जनपदों के 5,160 ग्रामों तक पहुँच गया तथा सदस्य संख्या बढ़कर 1,61,248 हो गई। संगठन ने औसतन 520 टीकेजीपीडी (520 हजार किलोग्राम प्रतिदिन) दुग्ध संकलन का स्तर प्राप्त किया, जो दुग्ध उत्पादक किसानों के निरंतर विश्वास एवं सहयोग का प्रतीक है।

वर्ष के दौरान जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (JICA) परियोजना का सफलतापूर्वक समापन संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रहा। इस परियोजना ने दुग्ध सहकारी तंत्र को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वित्तीय वर्ष 2025–26 में संगठन का मुख्य ध्यान सदस्यों एवं अन्त हितधारकों में जागरूकता बढ़ाने तथा उनकी क्षमता विकास केंद्रित रहा। इस उद्देश्य से विभिन्न

प्रशिक्षण एवं जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। वर्ष के दौरान 22,919 सदस्यों ने महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। वर्ष के दौरान 22,919 सदस्यों ने महिला जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लिया, 33,100 सदस्य उत्पादक जागरूकता कार्यक्रमों से लाभान्वित हुए तथा 31,725 सदस्यों को स्वच्छ दुग्ध उत्पादन कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, 10,175 सदस्यों को विलेज कॉन्टैक्ट ग्रुप (VCG) कार्यक्रमों के माध्यम से अभिमुखीकरण दिया गया तथा 2,423 सहायकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इन पहलों से सदस्यों में ज्ञानवर्धन, श्रेष्ठ कार्य पद्धितियों का प्रसार तथा सहकारी नेटवर्क में सहभागिता को और अधिक सुदृढ़ किया गया।

वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान फतेहपुर एवं रायबरेली जनपदों को विकसित कर दुग्ध संकलन विभाग के अंतर्गत नवगठित जोन–4 को स्थापित किया गया। इस विस्तार का मुख्य उद्देश्य दुग्ध संकलन नेटवर्क को सुदृढ़ करना, ग्राम स्तर पर परिचालन को मजबूत बनाना, नए दुग्ध उत्पादक सदस्यों का नामांकन करना तथा आवश्यक दुग्ध संकलन अवसरंचना का विकास करना था। इस रणनीतिक पहल ने संगठन की पहुँच तथा दुग्ध संकलन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की।

संगठन ने सदस्यों के घरों पर अत्यंत रियायती दरों पर बायोगैस संयंत्र स्थापित करने की पहल भी प्रारम्भ की। सबसे छोटे बायोगैस संयंत्र की अनुमानित लागत रु. 38,000 है, जिसमें सदस्य का अंशदान केवल रु. 7,000 है। कंपनी प्रत्येक संयंत्र पर रु. 4,000 का योगदान देती है, जबकि शेष राशि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। वर्ष के दौरान कुल सौ से अधिक बायोगैस संयंत्र स्थापित किए गए, जिनमें कंपनी का कुल योगदान रु. 4.08 लाख रहा। संगठन ने इस योजना के अंतर्गत 1,000 सदस्य परिवारों को लाभान्वित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। यह पहल सदस्यों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के साथ–साथ प्राकृतिक संसाधनों के प्रभावी उपयोग के माध्यम से पर्यावरणीय स्थिरता को भी बढ़ावा देगी।

सदस्यों की निष्ठा एवं योगदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कंपनी द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंड़ों को पूर्ण करने वाले सदस्यों के लिए रु. 13.09 करोड़ की लॉयल्टी प्रोत्साहन राशि की घोषणा भी की गई ।

परिचालन दक्षता एवं संगठनात्मक प्रदर्शन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए वर्ष के दौरान कई महत्चपूर्ण सुधार लागू किए गए, जिनमें प्रमुख रूप से निम्नलिखित शामिल हैं –

- दुग्ध परिवहन वाहनों के मार्गों का अनुकूलन (Route Optimization)।
- सदस्यों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने हेतु दुग्ध संकलन केन्द्र (MPP) स्तर पर दूध

पृथक्करण (Milk Segregation) की शुरुआत।

- बेहतर परिचालन नियंत्रण एवं निगरानी के लिए ऐप–आधारित स्टाफ मॉनिटरिंग प्रणाली के साथ–साथ मैनुअल डेटा मॉनिटरिंग की व्यवस्था।

- दूध परिवहन मार्ग पर चलने वाले वाहनों (मिल्क रूट वैन) में परिचालन सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा परिवहन के दौरान दूध की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निगरानी कैमरे (Surveillance Cameras) स्थापित किए गए हैं।

सहायकों की सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संगठन के रु. 10 लाख की टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी प्रारम्भ की। यह पहल किसी भी अप्रत्याशित घटना की स्थिति में सहायकों एवं उनके परिवारों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है, जिससे कर्मचारियों का मनोबल, आत्मविश्वास तथा संगठन के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता और अधिक मजबूत हुई है।

पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत संगठन ने दुग्ध परिवहन के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल (EV) मिल्क वैन का संचालन प्रारम्भ किया। ईवी मिल्क वैन की शुरूआत ईंधन व्यय में कमी, कार्बन उत्सर्जन में कमी तथा दुग्ध परिवहन प्रणाली की दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल हरित ऊर्जा को अपनाने तथा दुग्ध संकलन प्रणाली के आधुनिकीकरण के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

वर्ष की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक दुग्ध संकलन विभाग में सुदृढ़ काइज़ेन (KAIZEN) संस्कृति का सफल क्रियान्वयन रहा। वर्ष के दौरान कुल 2,704 काइज़ेन किये गये लगभग रु. 90 लाख की बचत हुई। इन सतत सुधार प्रयासों ने दुग्ध संकलन केन्द्रों (MPP) के आधारभूत ढाँचें को मजबूत किया, परिचालन पक्रियाओं में सुधार किया तथा एमपीपी स्तर से संबंधित शिकायतों में उल्लेखनीय कमी आई। इन सभी प्रयासों के परिणामस्वरूप परिचालन दक्षता, सेवा गुणवत्ता एवं सदस्य संतुष्टि में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई तथा विभाग की उत्कृष्टता, नवाचार एवं सतत सुधार के प्रति प्रतिबद्धता और अधिक सुदृढ़ हुई।

**भावी कार्ययोजना :**

संस्था अपने सदस्य दुग्ध उत्पादकों के साथ सतत संपर्क एवं दुग्ध संग्रहण संबंधी विभिन्न पहलों के माध्यम से औसत दैनिक दुग्ध संग्रहण में वृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, भारत सरकार के राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (NPDD) के अंगर्तत 'सहकारिता के माध्यम से डेयरी विकास' (जाइका सहायता प्राप्त परियोजना) के सहयोग से वर्तमान दुग्ध क्षेत्र (मिल्क शेड एरिया) में अपने परिचालन

क्षेत्र का विस्तार करने की भी योजना है। कंपनी अपने विक्रेता साझेदारों, जिनमें सहायक एवं कंसेशनेयर शामिल हैं, के साथ विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सहभागिता को और अधिक सुदृढ़ करती रहेगी। इन पहलों का उद्देश्य परिचालन संबंधी चुनौतियों का प्रभावी समाधान करना तथा निर्धारित दुग्ध संकलन लक्ष्यों की प्राप्ति में सभी हितधारकों का सक्रिय सुनिश्चित करना है।

**उत्पादकता संवर्धन सेवाएँ (Productivity Enhancement Services-PES)**

सहज मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन उत्पादक संवर्धन सेवाओं (PES) के अंतर्गत दुग्ध उत्पादक सदस्यों को विभिन्न प्रकार की इनपुट सेवाएँ प्रदान करता है। इन सेवाओं में मोबाइल वेटरिनरी यूनिट (MVU), कृत्रिम गर्भाधान, उच्च गुणवत्तापूर्ण चारा बीज, सब–क्लिनिकल मास्टाइटिस की जाँच, एथनो–वेटरिनरी मेडिसिन के माध्यम से उपचार तथा वैज्ञानिक पशुपालन पद्धतियों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं। इन सेवाओं का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन लागत को कम कर दुग्ध उत्पादक सदस्यों की आय में वृद्धि करना तथा उनके पशुओं की उत्पादकता एवं स्वास्थ्य में सुधार लाना है।

**मोबाइल वेटरिनरी यूनिट (MVU)**

सहज दुग्ध क्षेत्र (Milk Shed Area) में सुदृढ़ पशु चिकित्सा सेवा मॉडल का उद्देश्य पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार करना, दुग्ध उत्पादन क्षमता बढ़ाना, प्रथम ब्यांत (First Calving) की आयु तथा दो ब्यांतों के बीच की अवधि (Inter-Calving Period) को कम करना तथा संस्था के सदस्यों एवं गैर सदस्यों के बीच विश्वास को और अधिक मजबूत बनाना है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी के कुशल पशु चिकित्सकों द्वारा 1,372 बीमार पशुओं का उपचार किया गया। इसके अतिरिक्त 336 किसान जागरूकता कार्यक्रम तथा 126 प्रजनन (फर्टीलिटी) शिविर आयोजित किए गए। एथनो–वेटरिनरी मेडिसिन (EVM) के माध्यम से 957 पशुओं का उपचार किया गया, 5,304 कैलिफोर्निया मास्टाइटिस टेस्ट (CMT) किए गए तथा 24,483 पशुओं को टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किया गया।

वित्तीय वर्ष 2026–27 में कंपनी का लक्ष्य सहज दुग्ध क्षेत्र के अधिकाधिक क्षेत्रों में मोबाइल वेटरिनरी यूनिट (MVU) सेवाओं का विस्तार करना है।

**कृत्रिम गर्भाधान (Artificial Insemination)**

संस्था ने वैज्ञानिक एवं आधुनिक डेयरी प्रबंधन के अनुरूप घर–घर कृत्रिम गर्भाधान सेवाएँ उपलब्ध

कराने का एक सुदृढ़ एवं प्रभावी मॉडल विकसित किया है। इस व्यवस्था कं अंतर्गत प्रशिक्षित एवं योग्य मोबाइल आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन टेक्नीशियन (MAIT) किसानों के घर पर ही राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड–डेयरी सर्विसेज (NDDB-DS) द्वारा श्रेष्ठ आनुवांशिकी गुणवत्ता (SAG) वाले वीर्य का उपयोग करते हुए कृत्रिम गर्भाधान सेवाएँ प्रदान करते हैं। इससे दुग्ध पशुओं की उत्पादकता में वृद्धि, दुग्ध उत्पादन लागत में कमी तथा किसानों की आय में बढ़ोत्तरी सुनिश्चित होती है।

उत्पादक किसानों के बीच सहज के MAIT द्वारा उपलब्ध कराई जा रही कृत्रिम गर्भाधान सेवाओं की माँग निरंतर बढ़ रही है। इसका प्रमुख कारण उच्च गुणवत्ता वाले वीर्य का उपयोग, मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) का कड़ाई से पालन तथा सुदृढ़ कोल्ड–चेन प्रणाली का प्रभावी संचालन है। इससे वीर्य की गुणवत्ता एवं शुक्राणुओं की सक्रियता (Motility) बनी रहती है, जिसके परिणामस्वरूप गर्भधारण दर में वृद्धि होती है।

समीक्षाधीन वर्ष तक कंपनी के प्रशिक्षित MAIT द्वारा कुल 9.19 लाख कृत्रिम गर्भाधान किए जा चुके हैं, जिनमें 10,609 सेक्स–सॉर्टेड कृत्रिम गर्भाधान शामिल है। वित्तीय वर्ष 2026–27 में कंपनी का लक्ष्य 800 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों (AIC) के माध्यम से 12.00 लाख कृत्रिम गर्भाधान करना तथा राष्ट्रीय गोकुल मिशन (RGM) के अंतर्गत हिफर रियरिंग सेंटर (HRC) की स्थापना करना है।

**राशन बैलेंसिग कार्यक्रम (Ration Balancing Programme)**

कंपनी ने अपने ब्रांड ''सहज सुदाना'' के अंतर्गत उच्च गुणवत्ता एवं संतुलित पशु आहार, ''सहज मिन'' ब्रांड के अंतर्गत क्षेत्र–विशिष्ट चीलेटेड मिनरल मिश्रण तथा ''क्षीर सागर'' ब्रांड के अंतर्गत कैल्शियम फीड सप्लीमेंट की आपूर्ति गुणवत्ता नियंत्रण के कठोर मानकों के साथ जारी रखी। पशु आहार दो प्रकारों सहज सुदाना गोल्ड (BIS Type-I) एवं सहज सुदाना (BIS Type-II) में उपलब्ध है। सहज सुदाना गोल्ड ऊर्जा समृद्ध BIS Type-I पशु आहार है। कैल्शियम उत्पाद 1 लीटर, 5 लीटर एवं 20 लीटर पैक में उपलब्ध है।

कंपनी ने इन सभी उत्पादों को अपने दुग्ध उत्पादक सदस्यों तक नकद रहित (Cashless) लेनदेन व्यवस्था के माध्यम से उनके घर तक उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की है। साथ ही, उत्पादों की सर्वोत्तम गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कठोर गुणवत्ता नियंत्रण उपाय अपनाए गए हैं।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी ने 10,278 मीट्रिक टन पशु आहार, 265 मीट्रिक टन मिनरल मिश्रण, 10.5 मीट्रिक टन कैल्शियम तथा 83.3 मीट्रिक टन चारा बीज का विक्रय किया। वित्तीय वर्ष 2026–27 में कंपनी का लक्ष्य 15,000 मीट्रिक टन पशु आहार, 375 मीट्रिक टन मिनरल मिश्रण तथा 90 मीट्रिक टन चारा बीज का विक्रय करना है, जिससे वर्षभर हर चारे की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

**कैलिफोर्निया मेस्टाइटिस टेस्ट (CMT) एवं एथनो–वेटरिनरी मेडिसिन (EVM)**

अनुमानतः दुग्ध उत्पादन में होने वाली कुल हानि का लगभग 60–70 प्रतिशत भाग सब–क्लिनिकल मेस्टाइटिस के कारण होता है, जिसकी पहचान सामान्यतः किसानों द्वारा नहीं हो पाती। इस समस्या के समाधान के लिए क्षेत्रीय स्तर पर कम लागत वाला एक प्रभावी नियंत्रण कार्यक्रम विकसित किया है, जिसके माध्यम से सब–क्लिनिकल मेस्टाइटिस की समय पर पहचान एवं उपचार किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, क्लिनिकल एवं दीर्घकालिक (क्रॉनिक) मेस्टाइटिस के उपचार हेतु एथनो–वेटरिनरी मेडिसिन (EVM) के उपयोग को एक टिकाऊ एवं प्रभावी विकल्प के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे दूध में एंटीबायोटिक अवशेषों की समस्या तथा एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध (Antimicrobial Resistance) को कम करने में सहायता मिलती है। किसानों में जागरूकता एवं ज्ञान के प्रसार के लिए विस्तार सेवाओं, परिणाम, प्रदर्शन, पोस्टर तथा EVM पुस्तिका का भी प्रभावी उपयोग किया जा रहा है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान मास्टाइटिस नियंत्रण लोकप्रियकरण परियोजना के अंतर्गत 822 पशुओं का मेस्टाइटिस तथा 4,548 पशुओं का अन्य रोगों के लिए उपचार किया गया, जिनमें क्रमशः 85.6 प्रतिशत एवं 83.4 प्रतिशत उपचार सफलता (Cure Rate) प्राप्त हुआ।

**बिक्री एवं विपणन (Sales and Marketing)**

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी ने जून 2024 में प्रारम्भ की गई अपनी "सहज एटीएम" पहल के माध्यम से उपभोक्ताओं को ताजा, स्वच्छ एवं उच्च गुणवत्ता वाला खुला कच्चा दूध उपलब्ध कराने के अपने प्रयासों को निरंतर जारी रखा।

कंपनी द्वारा आगरा एवं फिरोजाबाद जनपदों में घर–घर जाकर खुले कच्चे दूध की बिक्री एवं वितरण किया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को ताजा, शुद्ध एवं उच्च गुणवत्ता वाला दूध उपलब्ध कराना है। इस पहल के माध्यम से खेत से सीधे उपभोक्ता तक (Farm-to-Consumer) आपूर्ति श्रृंखला विकसित की गई है, जिसमें दुग्ध दुहन के दौरान स्वच्छता के उच्च मानकों का पालन, दूध की गुणवत्ता एवं ताजगी बनाए रखने के लिए त्वरित शीतलीकरण तथा समयबद्ध रूप से उपभोक्ताओं के घर तक दूध की आपूर्ति सुनिश्चित की जाती है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान प्रतिदिन औसतन 584 लीटर दूध की विक्रय किया गया ।

आगामी वर्षों में कंपनी अपनी वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने, ग्राहक सेवाओं में सुधार

करने तथा "सहज एटीएम" पहल का विस्तार करते हुए आगरा एवं फिरोजाबाद के अधिकाधिक परिवारों तक इसकी पहुँच सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखती है। साथ ही, इस पहल का विस्तार अन्य जनपदों में भी किए जाने की योजना है।

दूध वितरण व्यवसाय के अतिरिक्त, कंपनी ने अपने सदस्यों को शुद्ध एवं प्रीमियम गुणवत्ता का घी रियायती एवं किफायती दरों पर उपलबध कराना भी जारी रखा। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान प्रतिदिन औसतन 524 किलोग्राम घी का विक्रय किया गया। यह पहल कंपनी की सदस्य कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है तथा गुणवत्ता से समझौता किए बिना उत्कृष्ट गुणवत्ता का घी उपलब्ध कराने के उद्देश्य को साकार करती है।

**उत्पादक संस्था सुदृढ़ीकरण (Producer Instituion Building - PIB)**

उत्पादक संस्था सुदृढ़ीकरण (PIB) विभाग का उद्देश्य दुग्ध उत्पादक सदस्यों को व्यवस्थित, समावेशी एवं मूल्य–आधारित पहलों के माध्यम से सशक्त बनाकर ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़, टिकाऊ एवं किसान–केंद्रित डेयरी परिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए निरंतर कार्यरत है।

स्थापना के समय से ही कंपनी नियमित रूप से दूध आपूर्ति करने वाले सदस्यों को संगठित करते हुए विलेज कॉन्टैक्ट ग्रुप (VCG) एवं मेंबर रिलेशन ग्रुप (MRG) का गठन करती रही है। 31 मार्च, 2026 तक कुल 20,717 सदस्य VCG तथा 4,312 सदस्य MRG से जुड़े हुए थे। इन समूहों द्वारा नियमित एवं संरचित बैठकों का आयोजन किया जाता है, जिनमें दुग्ध संकलन केन्द्रों (MPP) के प्रदर्शन की समीक्षा, परिचालन संबंधी समस्याओं का समाधान तथा सदस्यों एवं कंपनी के मध्य संवाद को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाता है।

31 मार्च, 2026 तक कंपनी के साथ 1,23,813 सक्रिय दुग्ध आपूर्ति करने वाले सदस्य जुड़े हुए थे, जो कंपनी की स्थापना के बाद से सर्वाधिक संख्या है। यह उपलब्धि गैर–दूध आपूर्ति करने वाले सदस्यों से पुनः संपर्क स्थापित करने हेतु सर्वेक्षण, घर–घर संपर्क अभियान तथा सतत सदस्य सहभागिता प्रयासों का परिणाम है। पारदर्शिता एवं सदस्यों के विश्वास को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पंजीकृत सदस्यों को नियमित रूप से एसएमएस के माध्यम से दुग्ध लेन–देन संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाती रही।

वर्ष के दौरान महिलाओं की सहभागिता कंपनी की प्राथमिकताओं में प्रमुख रही। कुल 1,46,648 पंजीकृत सदस्यों में से 73,178 महिलाएँ थी, जो कुल सदस्यता का लगभग 50 प्रतिशत है। यह उपलब्धि डेयरी क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता एवं आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्वता को दर्शाती है।

कंपनी ने सदस्यों की आय में वृद्धि के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की। वर्ष के दौरान 27,045 सदस्यों ने दूध आपूर्ति के माध्यम से रु. 1 लाख से अधिक की आय अर्जित की, जिनमें 11,618 महिला सदस्य शामिल हैं, जिन्हें गर्वपूर्वक "लखपति दीदी" के रूप में सम्मानित किया गया। ये उपलब्धियाँ किसानों की आजीविका में सुधार, लैंगिक समावेशन को बढ़ावा देने तथा एक समृद्ध एवं टिकाऊ डेयरी समुदाय के निर्माण के प्रति सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**गुणवत्ता आश्वासन (Quality Assurance)**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी ने बल्क मिल्क कूलर्स (BMC) एवं मिल्क चिलिंग सेंटर्स (MCC) में नवीन तकनीकों का उन्नयन कर अपनी गुणवत्ता आश्वासन प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया। दुग्ध संकलन प्रक्रिया में उन्नत निगरानी एवं विश्लेषणात्मक प्रणालियों को लागू किया गया, जिससे वास्तविक समय (Real-time) में गुणवत्ता नियंत्रण, प्रक्रियाओं की एकरूपता तथा संपूर्ण डेयरी मूल्य श्रृंखला में कच्चे दूध की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

कंपनी ने सभी 25 मिल्क चिलिंग सेंटर्स पर ISO 22000:2018 खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (Food Safety Management System) को सफलतापूर्णक लागू कर खाद्य सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत किया। यह प्रमाणित अंतरर्राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन, नियामकीय आवश्यकताओं के पालन तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं उच्च गुणवत्ता वाला दूध उपलबध कराने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सतत सुधार (Continuous Improvement) की दिशा में गुणवत्ता आश्वासन विभाग ने अपनी कार्यप्रणाली में काइजेन (Kaizen) दर्शन को अपनाया। इसके अंतर्गत समॉल इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट्स (SIPs) को सफलतापूर्वक लागू कर सभी 25 केन्द्रों पर दोहराया गया, जिसमें परिचालन दक्षता में वृद्धि प्रक्रियाओं का मानकीकरण तथा कंपनी के लिए उल्लेखनीय लागत बचत सुनिश्चित हुई।

कंपनी ने अपनी प्रसंस्करण अवसंरचना को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पाँच नॉन–IBR बॉयलरों की स्थापना की, जिससे सफाई व्यवस्था एवं भाप आधारित स्वच्छता (Moist Heat Sanitization) की प्रभावशीलता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। साथ ही, संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में सुदृढ़ गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली लागू कर उत्पाद गुणवत्ता, खाद्य सुरक्षा तथा उपभोक्ताओं का विश्वास सुनिश्चित किया गया।

आधुनिक तकनीकों के उपयोग, बेहतर स्वच्छता प्रथाओं तथा व्यवस्थित गुणवत्ता निगरानी प्रणाली के

परिणामस्वरूप कंपनी ने MBRT (Methylene Blue Reduction Test) प्रदर्शन में 34.4 प्रतिशत सुधार प्राप्त किया। औसत MBRT समय 93 मिनट से बढ़कर 125 मिनट हो गई, जो कच्चे दूध की सूक्ष्मजीव गुणवत्ता (Microbiological Quality) में उल्लेखनीय सुधार का प्रमाण है।

दुग्ध संकलन स्तर पर स्वच्छता मानकों को और अधिक बेहतर बनाने के लिए दो मिल्क चिलिंग सेंटर्स पर ऑटोमैटिक कैन वॉशर स्थापित किए गए। इससे दूध के कैनों की प्रभावी सफाई एवं स्वच्छता सुनिश्चित हुई, संदूषण (Contamination) के जोखिम में कमी आई तथा समग्र दुग्ध गुणवत्ता में सुधार हुआ।

ये सभी रणनीतिक पहलें परिचालन उत्कृष्टता, सतत सुधार, खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता आश्वासन के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। इनके माध्यम से कंपनी ने अपनी ब्रांड प्रतिष्ठा को और अधिक सुदृढ़ किया है तथा उपभोक्ताओं एवं हितधारकों का विश्वास निरंतर बढ़ाया है।

**मानव संसाधन विकास**

कंपनी एक कुशल, प्रेरित एवं भविष्य के लिए सक्षम कार्यबल के निर्माण हेतु मानव संसाधन विकास में निरंतर निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कौशल–आधारित शिक्षण मंचों, पुरस्कार एवं सम्मान (Reward and Recognition) कार्यक्रमों तथा आंतरिक एवं ब्राह्म विशेषज्ञों द्वारा आयोजित संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मचारियों के ज्ञान, दक्षता एवं व्यावसायिक विकास को प्रोत्साहित किया गया। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) तथा सेंट्रल कैटल ब्रीडिंग फार्म (CCBF) के प्रशिक्षण केन्द्रों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई।

कंपनी ने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (BHU), सैम हिग्गिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (SHUATS), हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (CAUAT), दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (DUVASU), राजा बलवंत सिंह महाविद्यालय (RBS), दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट (DEI), सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (SVPUAT) तथा अन्य क्षेत्रीय शिक्षण संस्थानों से कैंपस भर्ती के माध्यम से अपनी प्रतिभा अधिग्रहण (Talent Acquisition) प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ किया। साथ ही, नव–नियुक्त कर्मचारियों के प्रभावी अभिमुखीकरण (Onboarding) एवं व्यावयासिक विकास के लिए एक मेंटरशिप कार्यक्रम भी प्रारम्भ किया गया।

कर्मचारी सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न उत्सवों, कॉर्पोरेट भ्रमण, प्रतिनिधिमंडलों के साथ संवाद तथा काइज़ेन (Kaizen) गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें

सहयोगात्मक, सकारात्मक एवं नवाचार–उन्मुख कार्य संस्कृति को बढ़ावा मिला।

कंपनी सभी लागू वैधानिक एवं नियामकीय प्रावधानों, जिनमें कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम (POSH Act) तथा कार्यस्थल सुरक्षा संबंधी मानक शामिल हैं, का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सुदृढ़ मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली का पालन करती रही। साथ ही, कंपनी समावेशी, नैतिक एवं कर्मचारी–केंद्रित कार्य वातावरण को निरंतर प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**व्यवसाय के स्वरूप में परिवर्तन :**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी के व्यवसाय की प्रकृति में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

**महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रतिबद्धताएँ वित्तीय वर्ष के खत्म होने के पश्चात :**

ऐसे कोई भौतिक परिवर्तन और प्रतिबद्धताएं नहीं हुई हैं, जो कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करती हैं, जो वित्तीय वर्ष के अंत से संबंधित वित्तीय विवरण और इस रिपोर्ट की तारीख के बीच हुई हैं।

**पूंजी संरचना और अंशों का आवंटन और सदस्यता :**

कंपनी ने वर्ष के दौरान अपनी अधिकृत अंश पूंजी में कोई बदलाव नहीं किया हैं, कंपनी की अधिकृत अंश पूंजी 31 मार्च, 2026 तक 45 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने वर्ष के दौरान 5,64,463 इक्विटी अंश, रु. 100/– प्रति अंश की दर से 96,595 सदस्यों (नए और मौजूदा) को जारी किए हैं। वित्त वर्ष की शुरुआत में कंपनी की उपार्जित और प्रदत्त अंश पूंजी रु. 31.81 करोड़ थी और 31 मार्च, 2026 को रु. 36,13 करोड़ थी।

उपरोक्त के अलावा, कंपनी ने 5,183 सदस्यों के 1,33,089 अंश आत्मसमर्पण/सदस्यता रद्दता के कारण रद्द कर दिए और वर्ष के दौरान नए और मौजूदा सदस्यों को उक्त आत्मसमर्पण/रद्द किए गए अंशों को फिर से जारी किया गया है।

उपरोक्त के अलावा, कंपनी ने कोई समता अंश या अधिमान अंश या कोई प्रतिभूति जारी नहीं की है जिसमें ऐसी प्रतिभूतियों को शेयरों में बदलने का अधिकार या विकल्प हो।

31 मार्च, 2026 तक, कंपनी का कुल सदस्यता आधार 1,46,648 सदस्यों का था। 31 मार्च, 2026 के बाद, कंपनी ने 9,467 नए सदस्यों को नामांकित किया है और 3,421 सदस्यों की सदस्यता सरेडंर/रद्द कर दी गई है। इसलिए इस रिपोर्ट की तारीख तक सदस्यों की कुल संख्या

1,52,694 सदस्य है।

सदस्यता रद्द होने से बचने के लिए, श्रेणी–ए, श्रेणी–बी और श्रेणी–सी से संबंधित सभी सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे प्रासंगिक वित्तीय वर्षों के दौरान सदस्यता जारी रखने के लिए अपने संबंधित वर्ग के सभी संरक्षण मानदंडों और शर्तों को पूरा करें।

**वार्षिक आम सभा में उपस्थिति एवं मतदान अधिकार :**

आज की दिनांक में कुल 1,52,694 सदस्यों में से,

37,070 सदस्यों (श्रेणी–ए, श्रेणी–बी और श्रेणी–सी को मिलाकर) को तेरहवीं वार्षिक आम सभा में पेश किए जाने वाले सभी प्रस्तावों पर वोट देने का अधिकार है (निदेशक के संबंधित वर्ग के चुनाव पर मतदान सहित) क्योंकि उन्होंने संबंधित वर्ग के लिए निर्धारित सभी शर्तों को पूरा कर लिया है।

7,223 सदस्यों को तेरहवीं वार्षिक आम सभा में पेश किए जाने वाले सभी प्रस्तावों (अपने संबंधित वर्ग के निदेशकों के चुनाव पर मतदान को छोड़कर) पर वोट देने का अधिकार है क्योंकि वे वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान कंपनी को न्यूनतम दिन और लीटर दूध की आपूर्ति पूरे करने के बावजूद अपने संबंधित वर्ग की सभी शर्तों को पूरा करने में विफल रहे।

1,08,401 सदस्य तेरहवीं वार्षिक आम सभा में भाग लेने के हकदार हैं लेकिन उन्हें तेरहवीं वार्षिक आम सभा में पेश किए जाने वाले किसी भी प्रस्ताव पर वोट देने का अधिकार नहीं है।

नए सदस्य, जिन्हें 31 मार्च 2026 के बाद शामिल किया गया था, वे वित्त वर्ष 2025–26 के लिए लाभांश के साथ–साथ तेरहवीं एजीएम में मतदान के अधिकार के हकदार नहीं होंगे।

**निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (आईईपीएफ) :**

अधिनियम की धारा 124, 125 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के प्रावधानों के अनुसार, निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखा परीक्षा, स्थानांतरण और धनवापसी) नियम, 2016 (इसके बाद 'आईईपीएफ नियम के रूप में संदर्भित) के साथ पढ़े') (तत्समय लागू किसी भी वैधानिक संशोधन या उसके पुनः अधिनियमन सहित), वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए सीमित रिटर्न (लाभांश) की राशि रु. 1,19,488 /– जो अवैतनिक लाभांश खाते में पड़े रहने की तारीख से 7 वर्षों की अवधि तक अवैतनिक / लावारिस रहा, कंपनी द्वारा केन्द्र सरकार के निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (आईईपीएफ) में स्थानांतरित कर दिया गया है।

इसके अलावा, कंपनी के पास कोई अंतर्निहित शेयर नहीं है जिसे उपर्युक्त हस्तांतरण के अनुसार आईईपीएफ में स्थानांतरित किया जाना आवश्यक है। इसलिए, इसके संबंध में कोई आवश्यक कार्यवाही की आवश्यकता नहीं थी।

अवैतनिक/दावा न किए गए लाभांश की सूची कंपनी की वेबसाइट www.saahajmilk.com पर उपलब्ध है। शेयरधारकों से अनुरोध है कि उक्त सूची की जांच करें और यदि उनके कारण कोई उपरोक्त राशि उक्त सूचियों में बकाया रह गई है, तो उसे जारी करने के लिए कंपनी से संपर्क कर सकते हैं।

**बोर्ड की बैठकें :**

| बोर्ड बैठकों की क्र.स. | बोर्ड बैठकों की तिथि | बोर्ड के कुल सदस्य | उपरिथति निदेशक |
|---|---|---|---|
| 60 वीं बोर्ड बैठक | 21 मई, 2025 | 14 | 14 |
| 61 वीं बोर्ड बैठक | 15 जुलाई, 2025 | 14 | 14 |
| 62 वीं बोर्ड बैठक | 11 सितम्बर, 2025 | 14 | 13 |
| 63 वीं बोर्ड बैठक | 24 नवम्बर, 2025 | 14 | 13 |
| 64 वीं बोर्ड बैठक | 13 मार्च, 2026 | 14 | 13 |

**समिति**

**हितधारक संबंध समिति**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178(5) की आवश्यकता के अनुसार, कंपनी ने शेयरधारकों की शिकायत को हल करने के लिए बोर्ड द्वारा हितधारक संबंध समिति का गठन 25 मार्च, 2021 को किया गया था। समिति की संरचना इस प्रकार हैं :

श्रीमती उमा भदौरिया, अध्यक्ष
श्री राहुल कुमार, सदस्य
डॉ. प्रफुल भानवाड़िया, सदस्य

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, श्री शिवप्रताप समिति के सदस्य नहीं रहे। श्रीमती उमा भदौरिया समिति की

अध्यक्ष चुनी गई। समिति की एक बार बैठक हुई, जिसका विवरण नीचे दिया गया है :

| हितधारक संबंध समिति बैठक संख्या | समिति बैठक की दिनांक | समिति के सदस्य | समिति में उपस्थित सदस्य |
|---|---|---|---|
| पाँचवी | 13 मार्च, 2026 | 3 | 3 |

कोई शिकायत दर्ज नहीं करायी गयी।

**निदेशकों की नियुक्ति, पारिश्रमिक के भुगतान और उनके कर्तव्यों के निर्वहन से संबंधित कंपनी की नीति :**

नामांकन और पारिश्रमिक समिति के गठन से संबंधित धारा 178(1) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

**निदेशक मंडल में परिवर्तन :**

श्री शिव प्रताप, श्री सुशील कुमार और श्री शिव कुमार शर्मा 14 अगस्त, 2025 से कंपनी के निदेशक पद से सेवानिवृत्त हो गये। डॉ. संजय कुमार मगनलाल गोवाणी ने 28 अप्रैल, 2025 से विशेषज्ञ निदेशक के पद से इस्तीफा दे दिया।

श्रीमती प्रेमलता, श्रीमती सोनम कुमारी और श्रीमती पूनम यादव को 14 अगस्त, 2025 से कंपनी के निदेशक मंडल में निदेशक नियुक्त किया गया। डॉ. सौगता मित्रा को कंपनी के विशेषज्ञ निदेशक के रूप में 27 जुलाई, 2025 को पुनः नियुक्त किया गया। डॉ. रघु हसन मल्लेगौड़ा को 24 मई, 2026 से विशेषज्ञ निदेशक के रूप में पुनः नियुक्त किया गया।

निदेशक मंडल ने सेवानिवृत्त निदेशकों को उनके कार्यकाल के दौरान किए गए योगदान के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

**स्वतंत्र निदेशक द्वारा घोषणा :**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 के प्रावधानों के तहत कंपनी को स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की आवश्यकता नहीं है।

**स्वतंत्र निदेशक की सत्यनिष्ठा, अनुभव एवं विशेषज्ञता के संबंध में निदेशक मंडल की राय :**

कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों के अंतर्गत कंपनी के लिए स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति करना आवश्यक नहीं है। अतः स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति से संबंधित प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

**निदेशक मंडल की संरचना और आगामी वार्षिक सभा में निदेशकों की नियुक्ति/सेवानिवृत्ति :**

कंपनी के अंतर्नियमों के अनुच्छेद 9.5 में सदस्यों को उनके संरक्षण और बोर्ड में ऐसे वर्गों के सदस्यों के प्रतिनिधित्व के आधार पर, जहां तक संभव हो, विभिन्न वर्गों में वर्गीकृत करने के लिए मानदंडों के निर्धारण का प्रावधान है। संरक्षण के आधार पर सदस्यों को तीन अलग–अलग वर्गों अर्थात् श्रेणी–ए, श्रेणी–बी और रेणी–सी में वर्गीकृत करने के लिए संशोधित मानदंड को कंपनी की बारहवीं वार्षिक आम बैठक में सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया था।

वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान सदस्यों द्वारा संरक्षण मानदंडों की पूर्ति के संबंध में डेटा के विश्लेषण के आधार पर यह पाया गया है कि, श्रेणी–ए, श्रेणी–बी और श्रेणी–सी के सदस्यों का संरक्षण योगदान क्रमशः 22%, 40% और 38% था। तदनुसार, प्रत्येग वर्ग के सदस्यों के संरक्षण के आधार पर बोर्ड में प्रत्येक वर्ग के सदस्यों का प्रतिनिधित्व प्रदान करने वाले बोर्ड की संरचना में क्रमशः श्रेणी–ए के लिए 2 निदेशक, श्रेणी–बी के लिए 5 निदेशक और श्रेणी–सी के लिए 4 निदेशक शामिल हैं। कंपनी अनुच्छेद 9.5 की आवश्यकता को निम्नानुसार पूरा करेगी :–

**श्रेणी–ए के निदेशक :**

वर्तमान में बोर्ड में श्रेणी–ए का प्रतिनिधित्व करने वाले 5 निदेशक हैं। कंपनी के अंतर्नियमों के अनुच्छेद 9.6 के अनुसार, ''श्रेणी–ए'' का प्रतिनिधित्व करने वाले कंपनी के निदेशक श्री योगेश कुमार जादौन कंपनी की तेरहवीं वार्षिक आम सभा में सेवानिवृत्त होंगे। इस श्रेणी में अन्य कोई नियुक्ति नहीं है।

**श्रेणी–बी के निदेशक :**

वर्तमान में बोर्ड में श्रेणी–बी का प्रतिनिधित्व करने वाले 3 निदेशक हैं। कंपनी के अंतर्नियमों के अनुच्छेद 9.6 के अनुसार, ''श्रेणी–बी'' में कोई निदेशक की सेवानिवृत्ति नहीं है।

नामांकन समिति की सिफारिश के आधार पर, बोर्ड श्रीमती पूनम देवी को ''श्रेणी–बी'' की नियुक्ति की सिफारिश करता है।

**श्रेणी–सी के निदेशक :**

वर्तमान में बोर्ड में श्रेणी–सी का प्रतिनिधित्व करने वाले 3 निदेशक है। कंपनी के अंतर्नियमों के अनुच्छेद 9.6 के अनुसार, "श्रेणी–सी" का प्रतिनिधित्व करने वाले कंपनी के निदेशक श्री राहुल कुमार एवं श्रीमती सुलेखा कम्पनी की तेरहवीं वार्षिक आम सभा में सेवानिवृत्त होंगे।

नामांकन समिति की सिफारिश के आधार पर, बोर्ड श्रीमती पवन एवं श्रीमती रेखा देवी को "श्रेणी–सी" की रिक्ति को भरने के लिए नियुक्ति की सिफारिश करता है।

नियुक्ति/पुनर्नियुक्ति चाहने वाले निदेशकों के नाम, योग्यता और अन्य विवरण कंपनी के तेरहवीं वार्षिक आम सभा आयोजित करने वाले नोटिस के साथ संलग्न है।

इससे कंपनी के अंतर्नियमों के अनुच्छेद 9.5 और 9.6 के तहत अनुमेय वर्ग–ए में निदेशकों की कुल संख्या 4, वर्ग–बी में 4 और वर्ग–सी में 3 निदेशक हो जाएगी, यदि तेरहवीं वार्षिक आम सभा में उपर्युक्त प्रस्तावित निदेशकों की नियुक्ति को मंजूरी दी गई।

**निदेशकों के उत्तरदायित्व विवरण :**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(5) के अनुसार, कंपनी का निदेशक मंडल पुष्टि करता है कि –

1. 31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक खातों की तैयारी में, अधिनियम की अनुसूची III के तहत निर्धारित आवश्यकताओं के साथ पढ़े हुए लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है और इससे कोई महत्वपूर्ण विचलन नहीं हुआ है।

2. निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया है और उन्हें लगातार लागू किया है और ऐसे निर्णय अनुमान लगाए हैं जो उचित और विवेकपूर्ण हैं ताकि कंपनी के मामलों की स्थिति और वर्ष के लिए कंपनी के लाभ का सही और निष्पक्ष दृश्य दिया जा सके।

3. निदेशकों ने कंपनी की संपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त देखभाल की है।

4. निदेशकों ने वार्षिक खाते 'चालू संस्था' के आधार पर तैयार किए हैं।

5. निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियाँ तैयार की हैं और ऐसी प्रणालियाँ पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रही हैं।

**लेखापरीक्षक द्वारा रिपोर्ट की गई धोखाधड़ी :**

समीक्षा वर्ष के दौरान, वैधानिक लेखा परीक्षक को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 की उप–धारा (12) के तहत धोखाधड़ी का कोई उदाहरण नहीं मिला।

**आंतरिक वित्तीय नियंत्रण :**

कंपनी के पास उचित और पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण प्रणाली है जो यह सुनिश्चित करती है कि सभी संपत्तियां सुरक्षित और संरक्षित हैं और लेनदेन अधिकृत, रिकार्ड और सही ढंग से रिपोर्ट किए गए हैं। वर्ष के दौरान, डिजाइन या संचालन में कोई रिपोर्ट योग्य सामग्री संबंधी कमजोरी नहीं देखी गई।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 378ZF के अनुसार, मैसर्स बोरकर एण्ड मजूमदार, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को कंपनी के आंतरिक लेखा परीक्षकों के रूप में फिर से नियुक्त किया गया है, जिन्होंने स्वतंत्र रूप से आंतरिक नियंत्रण की पर्याप्तता का मूल्यांकन किया है।

इसके उपरान्त, बोर्ड ने मैसर्स आर.एस.एम. एस्ट्यूट कन्सलटिंग प्राईवेट लिमिटेड को कॉनकरिन्ट ऑडिटर के रूप में नियुक्त किया है।

**नियंत्रण/सहायक/सहयोगी कंपनियाँ :**

कंपनी की कोई नियत्रक / सहायक / सहयोगी कंपनी नहीं है।

**जमा :**

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार जमाओं से संबंधित विवरण के संबंध में किसी प्रकटीकरण या रिपोर्टिंग की आवश्यकता नहीं थी क्योंकि वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान कोई जमा नहीं थी।

**ऋण, गारंटी या निवेश का विवरण :**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी ने कोई ऋण नहीं दिया है, कोई निवेश नहीं किया है, गारंटी नहीं दी है या प्रतिभूतियां प्रदान नहीं की हैं। इसलिए, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के प्रावधानों का पालन करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

**संबंधित पार्टियों के साथ अनुबंध और व्यवस्थाएँ :**

31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी संबंधित पार्टी लेन–देन हुआ है तो वह आर्म्स लेंथ के आधार तथा सामान्य व्यवसायिक प्रक्रिया के अंतर्गत हुए। इसके अलावा, कंपनी द्वारा प्रवर्तकों, निदेशकों या अन्य नामित व्यक्तियों के साथ समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कोई महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेनदेन नहीं किया गया है। इस प्रकार प्रपत्र एओसी–2 में प्रकटीकरण की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, AS–18 संबंधित पक्ष प्रकटीकरण के अनुसार वर्ष के लिए संबंधित पक्ष के साथ लेन–देन का प्रकटीकरण 31 मार्च, 2026 तक बैलेंस शीट के नोट्स में दिया गया है।

**निगमित समाजिक जिम्मेदारी (सी.एस.आर.) :**

कंपनी ने एक निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व नीति (सीएसआर नीति) तैयार की है जिसमें कंपनी द्वारा की जाने वाली गतिविधियों को दर्शाया गया है। बनाई गई नीति का उद्देश्य कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII के अनुसार सीएसआर गतिविधियों/परियोजनाओं को शुरू करना है। बोर्ड द्वारा अपनाई गई निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व नीति कंपनी की वेबसाइट https://saahajmilk.com/saahaj-policies/ पर उपलब्ध है।

इसके अलावा, कंपनी अधिनियम की धारा 135(9) के अनुसार, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व समिति के गठन की आवश्यकता कंपनी पर लागू नहीं होती है। इसलिए, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व समिति के कार्यों का निर्वहन कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा किया जा रहा है।

वर्ष के दौरान, कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII के अनुसार सीएसआर गतिविधियों के रूप में चिन्हित NDDB फाउण्डेशन फॉर न्यूट्रीशियन (NFN), आनन्द के "गिफ्ट मिल्क प्रोग्राम" में 16,64,202/– रुपये की राशि का योगदान दिया।

सीएसआर गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट **अनुबंध ए** के रूप में निर्धारित प्रारूप के अनुसार संलग्न है और इस रिपोर्ट का हिस्सा है।

**जोखिम प्रबंधन नीति :**

जोखिम प्रबंधन जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन और प्राथमिकता निर्धारण की प्रक्रिया है जिसके बाद दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की संभावना और/या प्रभाव को कम करने, निगरानी करने और कम करने/नियंत्रित करने या अवसरों की प्राप्ति को अधिकतम करने के लिए समन्वित प्रयास किए जाते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए इन प्रक्रियाओं की समीक्षा की जाती है कि प्रबंधन उचित रूप से परिभाषित ढांचे के माध्यम से जोखिम को नियंत्रित करता है। कंपनी द्वारा प्रमुख जोखिमों की पहचान की गई है और व्यवसाय, वित्तीय, मानवीय और वैधानिक अनुपालन आदि क्षेत्रों में इसकी शमन प्रक्रिया/उपाय तैयार किए गए हैं।

कंपनी ने एक जोखिम प्रबंधन नीति विकसित और कार्यान्वित की है और इसे बोर्ड द्वारा अपनाया गया है।

**ऊर्जा का संरक्षण, अनुसंधान और विकास, प्रौद्योगिकी अवशोषण, विदेशी विनिमय आय एवं निकासी :**

**(i) ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा की गई गतिविधियों की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा संरक्षण और प्रौद्योगिकी अवशोषण के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (एम) के प्रावधानों के तहत आवश्यक विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया है।

**(ii) विदेशी मुद्रा आय और व्यय**

आय – शून्य
निकासी – शून्य

कंपनी के पास समान्य कार्यालय और बिजली के उद्देश्यों को छोड़कर कोई बिजली की खपत नहीं है।

**ऋण रेटिंग :**

विचाराधीन वित्तीय वर्ष के दौरान, कंपनी ने अपनी सुदृढ वित्तीय अनुशासन एवं ऋण साख को बनाए रखा। कंपनी की ऋण सुविधाओं के संबंध में ब्तम त्जपदहे स्पउपजमक द्वारा दिनांक 28.11.2025 को प्रदान की गई ऋण रेटिंग निम्नानुसार है:

दीर्घकालिक बैंक सुविधाएँ CAREAA- स्थिर (पुनः पुष्टि की गई)

वर्ष के दौरान कंपनी की ऋण रेटिंग में कोई संशोधन / डाउनग्रेड नहीं हुआ है।

**सतर्कता तंत्र (विजिल मैकेनिज्म) :**

कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177(9) के प्रावधानों के अनुसार निदेशकों और कर्मचारियों के लिए एक सतर्कता तंत्र की स्थापना की है और बोर्ड ने सतर्कता तंत्र की देखरेख का कार्य कंपनी के मुख्य कार्यकारी को सौंप दिया है। विजिल मैकेनिज्म (व्हिसल ब्लोअर पॉलिसी) कंपनी की वेबसाइट

https://saahajmilk.com/saahaj-policies/ पर उपलब्ध है।

**नियामकों, न्यायलयों और न्यायाधिकरणों द्वारा पारित महत्वपूर्ण और महत्वपूर्ण आदेशों का विवरण :**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, नियामकों, अदालतों, न्यायाधिकरणों द्वारा कोई महत्वपूर्ण और महत्वपूर्ण आदेश पारित नहीं किया गया है, जो कंपनी की वर्तमान स्थिति और भविष्य में कंपनी के संचालन को प्रभावित करेगा।

**लेखा परीक्षक**

**वैधानिक लेखा परीक्षक :**

कंपनी ने वैधानिक लेखापरीक्षक मैसर्स एस. एन. धवन एण्ड कंपनी एलएलपी, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (पंजीकरण संख्या 000050N/N500045) को कंपनी की 11वीं वार्षिक आम बैठक में नियुक्त किया गया था और वें कंपनी की 16वीं वार्षिक आम बैठक (जो वर्ष 2029 में आयोजित की जाएगी) की समाप्ति तक पद पर बने रहेंगे।

**लागत अभिलेख :**

धारा 148 के अनुसार लागत लेखा परीक्षा का प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होता है।

**लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट/सचिवीय परीक्षकों की रिपोर्ट पर बोर्ड की टिप्पणी :**

वैधानिक लेखा परीक्षकों की टिप्पणियों को जब खातों और लेखांकन नीतियों के प्रासंगिक नोट्स के साथ पढ़ी जाती हैं, तो स्व–व्याख्यात्मक होती हैं और किसी और टिप्पणी की आवश्यकता नहीं होती है। इसके अतिरिक्त, कंपनी पर सचिवीय लेखा परीक्षक लागू नहीं है।

सचिवीय लेखा परीक्षक की रिपोर्ट स्वयं स्पष्ट है और इस पर किसी अतिरिक्त टिप्पणी की आवश्यकता नहीं है।

**ICSI के सचिवीय मानक :**

इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेट्रीज ऑफ इण्डिया द्वारा लागू सचिवीय मानकों का कंपनी द्वारा पालन किया गया।

**वार्षिक रिटर्न का वेब लिंक :**

कंपनी की वेबसाइट www.saahajmilk.com है। कंपनी का वार्षिक रिटर्न कंपनी की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया है। इसका लिंक है : http://saahajmilk.com/annual-general-meeting/

**कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत प्रकटीकरण :**

कंपनी ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 और उनके तहत बनाए गए नियमों के अनुपालन में आंतरिक शिकायत समिति के गठन से संबंधित प्रावधानों का अनुपालन किया है और सुरक्षित कार्यस्थल नीति को लागू किया है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान यौन उत्पीड़न की कोई घटना दर्ज नहीं की गई।
शिकायतों से संबंधित विवरण निम्नानुसार है:

(क) वर्ष के दौरान प्राप्त यौन उत्पीड़न की शिकायतों की संख्या : शून्य
(ख) वर्ष के दौरान निस्तारित शिकायतों की संख्या : शून्य
(ग) नब्बे दिनों से अधिक समय से लंबित मामलों की संख्या : शून्य

**मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 से संबंधित प्रावधानों का अनुपालन :**

कंपनी द्वारा मातृत्व अधिनियम, 1961 से संबंधित प्रावधानों का पूर्णतः पालन किया गया है।

**स्वास्थ्य एवं सुरक्षा :**

स्वच्छ कार्य वातावरण एवं स्वस्थ कार्य परिवेश को बढ़ावा देता है, जिससे कर्मचारियों की कार्यक्षमता एवं प्रदर्शन में वृद्धि होती है। कर्मचारियों का स्वास्थ्य एवं सुरक्षा वर्तमान की प्रमुख आवश्यकताओं में से एक है। सहज अपने सभी कर्मचारियों को, विशेष रूप से उन कर्मचारियों को जो प्रत्यक्ष रूप से दूध का संचालन करते हैं, स्वस्थ एवं स्वच्छ कार्य वातावरण प्रदान करता है। कर्मचारियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा आवश्यक प्रशिक्षण कराया जाता है। कंपनी ने पर्यावरण–अनुकूल प्रथाओं को अपनाया है

और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है। स्वस्थ एवं स्वच्छ दूध की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कार्यस्थल का नियमित सैनिटाइजेशन तथा कीट नियंत्रण (Pest Control) किया जाता है।

**इंसोल्वेंसी एण्ड बैंकक्रपसी कोड, 2016 :**

वर्ष के दौरान इंसेल्वेंसी एण्ड बैंकक्रपसी, 2016 (2016 का 31) के तहत कोई आवेदन नहीं किया गया था और कोई कार्यवाही लंबित नहीं थी।

**एक मुश्त निपटान के समय किए गए मूल्यांकन की राशि और बैंकों या वित्तीय संस्थानों से ऋण लेते समय किए गए मूल्यांकन की राशि के बीच अंतर का विवरण और उसके कारण:**

लागू नही।

**कर्मचारियों का विवरण :**

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कंपनी के किसी भी कर्मचारी को अधिनियम के तहत निर्धारित सीमा से अधिक वेतन नहीं मिला है। तदनुसार, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के साथ पठित संशोधित कंपनी प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिकद्ध नियम, 2014 के नियम 5(2) के अनुसार कर्मचारियों का कोई विवरण नहीं दिया जा रहा है।

**सराहना और आभार :**

निदेशक मंडल समीक्षाधीन अवधि के दौरान सदस्यों, व्यावसायिक सहयोगियों के समर्थन और योगदान के लिए उनकी सराहना करना चाहता है। निदेशक कंपनी को उनके निरंतर समर्थन के लिए कर्मचारियों, बैंकरों और आंतरिक और वैधानिक लेखा परीक्षकों दोनों को भी धन्यवाद देना चाहते है।

हम वर्ष के दौरान उनके सहयोग और समर्थन के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज, मदर डेयरी फ्रूट एंड वेजिटेबल प्राइवेट लिमिटेड के प्रति अपना गहरा आभार व्यक्त करना चाहते हैं।

वास्ते निदेशक मण्डल

ह./–
उमा भदौरिया
अध्यक्ष एवं निदेशक
डी.आई.एन. : 10242870

दिनांक : 21 अगस्त, 2026
स्थान : आगरा

संलग्नक–ए

## वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए सी.एस.आर. गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट

1. **कंपनी की सीएसआर नीति के संबंध में संक्षिप्त रूपरेखा :**

कंपनी ने सीएसआर नीति अपनाई है जिसमें कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में वर्णिक गतिविधियों की विस्तृत श्रृखंला शामिल है, जिसमें मुख्य रूप से शामिल हैं :

1) स्वास्थ्य
2) शिक्षा
3) स्वच्छता सुविधाएं
4) पर्यावरणीय स्थिरता
5) लैंगिक समानता को बढ़ावा देना
6) व्यावसायिक कौशल में सुधार
7) राष्ट्रीय विरासत, कला और संस्कृति की रक्षा करना
8) सशस्त्र बलों के दिग्गजों, युद्ध विधवाओं और उनके आश्रितों के लाभ के लिए उपाय
9) भूख, गरीबी और कुपोषण का उन्मूलन, स्वास्थ्य देखभाल, जिसमें निवारक स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता को बढ़ावा देना शामिल है, स्वच्छता को प्रोत्साहित करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा स्थापित स्वच्छ भारत कोष में अंशदान करना तथा सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना।
10) पीएम राष्ट्रीय राहत कोष या पीएम केयर्स फंड या केन्द्र सरकार द्वारा स्थापित किसी अन्य फंड में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक विकास और राहत और कल्याण के लिए योगदान
11) इन्क्यूबेटरस या अनुसंधान और विकास परियोजनाओं में योगदान
12) प्राकृतिक आपदा के समय गतिविधियों को अंजाम देना या आपदा प्रबंधन प्रणाली में शामिल होना।

2) **सीएसआर समिति की संरचना :**

लागू नहीं ;कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135(9) के प्रावधानों के अनुसार कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व समिति के गठन की आवश्यकता कंपनी को नहीं हैं। इसलिए, कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व समिति के कार्यों का निर्वहन किया जा रहा है।

| क्र. सं. | निदेशक का नाम | पदनाम / निदेशक पद का स्वरूप | वर्ष के दौरान सी.एस.आर. समिति की संपन्न बैठकों की संख्या | वर्ष के दौरान सी.एस.आर. समिति की उन बैठकों की संख्या जिसमें भाग लिया गया |
|---|---|---|---|---|
| ---- लागू नहीं ---- | | | | |

3) **वह वेब–लिंक प्रदान करें जहां सीएसआर समिति की संरचना, सीएसआर नीति और बोर्ड द्वारा अनुमोदित सीएसआर परियोजनाऐं कंपनी की वेबसाइट पर प्रकट की गई हैं।**

(i) प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं को फंड दे या निवेश करे जिन्हें कंपनी या उसके प्रतिनिधि द्वारा पहचाना गया हो (अंतिम लाभार्थी), या

(ii) अंतिम लाभार्थियों की ओर से किसी प्रकार की गारंटी, सुरक्षा या इसी तरह की कोई चीज प्रदान करें।

(I) कंपनी ने किसी भी अन्य कंपनी में कोई नई निवेश नहीं की है, अतः अधिनियम की धारा 2(87) और उसके साथ पढ़े जाने वाले "Companies (Restriction on number of Layers) Rules, 2017" कंपनी पर लागू नहीं होते ।

(j) कंपनी के लिए किसी भी प्रभार या प्रभार की संतुष्टि का रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के साथ पंजीकरण लंबित नहीं है।

(k) कंपनी को किसी भी बैंक, वित्तीय संस्था या अन्य ऋणदाता द्वारा जानबूझकर चूककर्ता (wilful defaulter) घोषित नहीं किया गया है।

**Note : 38**

लेखा मानक AS-17 के तहत खंड रिपोर्टिंग की आवश्यक खुलासे की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि कंपनी मुख्यतः दूध के एकलव्य व्यापार खंड में कार्य करती है और केवल एक भौगोलिक खंड में संचालित होती है।

**Note : 39**

31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष के संबंध में, निदेशकों ने दिनांक 21 अगस्त, 2026 की बैठक में रु. 325.17 लाख (रु. 9/– प्रति शेयर) का अंतिम लाभांश पूर्ण रूप से चुकाए गए इक्विटी शेयरों पर देने का प्रस्ताव किया है। यह इक्विटी लाभांश वार्षिक साधारण सभा में शेयर धारकों की स्वीकृति के अधीन है और इसे वित्तीय विवरणों में दायित्व के रूप में शामिल किया गया है। प्रस्तावित इक्विटी लाभांश पूर्ण रूप से चुकाए गए इक्विटी शेयरों के सभी धारकों को देय है।

**Note : 40 शेयर आवेदन राशि – आवंटन लंबित**

31 मार्च, 2026 की स्थिति में कंपनी को शेयर आवेदन राशि के रूप में कोई धनराशि प्राप्त नहीं हुई है। (31 मार्च, 2025 की स्थिति में कंपनी को 52.36 लाख रुपये की शेयर आवेदन राशि प्राप्त हुई थी, जो 52,363 इक्विटी शेयरों के लिए थी। इन शेयरों पर कोई प्रतिभूति प्रीमियम (Share Premium) प्राप्त नहीं हुआ था।

**Note : 41 नए श्रम संहिताएँ**

21 नवम्बर, 2025 को भारत सरकार द्वारा चार नई श्रम संहिताओं की अधिसूचना जारी की गई, जिनमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं –

- वेतन संहिता, 2016 (Code on Wages, 2019)
- सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 (Code on Social Security, 2020)
- औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (Industrial Relations Code, 2020)
- व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परीस्थितियाँ संहिता, 2020 (Occupational Safety, Health and
- Working Conditions Code, 2020)

इन संहिताओं के माध्यम से पूर्व में लागू 29 श्रम कानूनों का एकीकरण किया गया है। इन प्रावधानों के वित्तीय प्रभाव का आकलन लेखा मानक AS–29 (प्रावधान, संभावित दायित्व एवं संभावित परिसंपत्तियाँ) तथा भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (ICAI) द्वारा जारी FAQs के अनुसार किया है।

तृतीय पक्ष सेवा प्रदाताओं के माध्यम से उपलब्ध कराए गए आउटसोर्स मानवबल के संबंध में, जिनका भुगतान कंपनी अनुबंध की शर्तों के अनुसार वहन करने के लिए बाध्य है, उनका प्रावधान AS–29 के अनुसार मान्यता प्राप्त किया गया है।

इस संबंध में कुल रु. 40,47 लाख की राशि "अन्य व्यय (Other Expenses) के अन्तर्गत "आउटसोर्स मानवबल व्यय (Outsourced Manpower Cos)" के रूप में मान्यता प्रदान कर प्रकटीकृत किया गया है।

कंपनी केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जारी किए जाने वाले अंतिम नियमों तथा श्रम संहिताओं से संबंधित अन्य स्पष्टीकरणों पर निरंतर निगरानी रखे हुए है तथा आवश्यकतानुसार भविष्य में उचित लेखांकन प्रभाव प्रदान करेगी।

---

**Note : 42 ऑडिटट्रेल**

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (MCA) ने दिनांक 24 मार्च 2021 को अधिसूचना संख्या G.S.R. 2006 (E) (समय–समय पर संशोधित) के माध्यम से, कंपनियों (लेखा) संशोधन नियम, 2021 के नियम 3(1) के उपबंध के संदर्भ में यह अनिवार्यता लागू की, जिसके तहत प्रत्येक कंपनी जो लेखा सॉफ्टवेयर का उपयोग अपनी पुस्तकों को बनाए रखने के लिए करती है, उसे केवल ऐसा लेखासॉफ्ट वेयर ही उपयोग करना होगा जिसमें प्रत्येक लेकदेन का ऑडिट ट्रेल दर्ज करने की सुविधा हो, और यह सुनिश्चित हो कि ऑडिट ट्रेल की सुविधा को निष्क्रिय नहीं किया जा सकता है।

वर्ष के दौरान कंपनी ने मुख्य लेखांकन सॉफ्टवेयर को SAP ECC से 4 SAP S/4HANA में तथा आधारभूत डेटाबेस को Sybase से HANA में 1 जनवरी 2026 से स्थानांतरित (Migration) किया।

मुख्य लेखांकन सॉफ्टवेयर के संबंध में आवेदन स्तर (Application Level) पर ऑडिट ट्रेल की सुविधा वर्षभर सभी प्रासंगिक लेन–देन के लिए कार्यरत रही। तथापि, कुछ विशिष्ट तालिकाओं, जिन तक केवल अधिकृत उपयोगकर्ता की पहुँच थी, के लिए आवेदन स्तर पर ऑडिट ट्रेल सक्षम नहीं था, डेटाबेस स्तर (Database Level) पर 1 अप्रैल 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक ऑडिट ट्रेल की सुविधा सक्षम नहीं थी।

कंपनी ने क्रय (Purchase) अभिलेखों के रख–रखाव हेतु एक अन्य सॉफ्टवेयर का भी उपयोग किया, जिसमें ऑडिट ट्रेल (Edit Log) की सुविधा उपलब्ध नहीं थी तथा डेटाबेस स्तर पर भी यह सुविधा सक्षम नहीं थी।

इसके अतिरिक्त,जिन वर्षों में ऑडिट ट्रेल में ऑडिट ट्रेल सुविधा सक्षम थी और रिकॉर्ड उपलब्ध थे, उन वर्षों के ऑडिट ट्रेल को कंपनी ने वैधानिक अभिलेख संरक्षण (Record Retention) की आवश्यकताओं के अनुसार सुरक्षित रखा है।

**Note : 43 तुलनात्मक आंकड़े**

जहाँ आवश्यक समझा गया है, वहाँ पिछले वर्ष के आंकड़ों का पुनर्गठन (Regrouping) अथवा पुनवर्गीकरण (Reclassification) किया गया है ताकि उन्हें चालू वर्ष के वर्गीकरण एवं प्रकटीकरण के अनुरूप प्रस्तुत किया जा सके।

**कृते निदेशक मण्डल**

ह./–
**उमा भदौरिया**
निदेशक
DIN : 10242870

ह./–
**डॉ. प्रफुल कुमार शान्तिलाल भानवाड़िया**
मुख्य कार्यकारी एवं निदेशक
DIN : 07477658

ह./–
**वरूण वर्मा**
कम्पनी सचिव
Membership No.: F10508

ह./–
**सुदीप कुमार भौमिक**
सहायक महाप्रबन्धक वित्त

स्थान : आगरा
दिनांक :21 अगस्त, 2026

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड

(सी.आई.एन. : U01403UP2014PTC066595)
रजि. कार्यालय : यूनिट नं. 401–02–03–04, चतुर्थ तल, पदम कॉर्पोरेट पार्क
प्लॉट न. बी.एस.–10, सेक्टर–13, आवास विकास सिकन्दरा योजना, आवास विकास कॉलोनी
आगरा–282007, उत्तर प्रदेश, भारत, दूरभाष नं. +91–0562–6623300
E-mail : info@saahajmilk.com, Website : www.saahajmilk.com

## तेरहवीं वार्षिक आम सभा की सूचना

**एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के सदस्यों की तेरहवीं वार्षिक आम सभा शनिवार, 12 सितम्बर, 2026 को पूर्वान्ह 10:30 बजे दिव्या रिजार्ट, शास्त्रीपुरम्, UPSIDC, औद्योगिक क्षेत्र, मंगलम् आधार अपार्टमेंट्स के सामने, आगरा–282007, उत्तर प्रदेश, भारत में निम्न कार्यों के लिए होगी :**

1. **31 मार्च, 2026 का अंकेक्षित आर्थिक चिट्ठा लाभ–हानि खाते, रोकड़ प्रवाह विवरण तथा अंकेक्षकों एवं निदेशकों की रिपोर्ट को प्राप्त करके उन पर विचार करना एवं उसे अपनाना एवं इस सम्बन्ध में निम्नलिखित सामान्य प्रस्ताव पारित करना :**

   " प्रस्ताव पारित किया जाता है कि 31 मार्च, 2026 का अंकेक्षित आर्थिक चिट्ठा, लाभ हानि खाते, रोकड़ प्रवाह विवरण, शेड्यूल और नोट्स जो खातों का हिस्सा है, अंकेक्षकों एवं निदेशकों की रिपोर्ट को अनुमोदित एवं अपनाया जाता है।"

2. **कंपनी की समता अंश पूँजी पर सीमित लाभांश (डिविडेंड) पर विचार एवं घोषणा करना एवं इस सम्बन्ध में निम्नलिखित सामान्य प्रस्ताव पारित करना :**

   "प्रस्ताव पारित किया जाता है कि सीमित लाभांश (डिविडेंड) 31 मार्च, 2026 तक की अवधि के लाभ में से रू. 100/– वाले 36,13,157 पूर्ण प्रदत्त समता अंशों पर रू. 9/– प्रति समता अंश की दर से, कुल रु. 3.25 करोड़ वित्तीय वर्ष 2025–2026 के लिये अनुमोदित किया जाता है। इसका भुगतान उन समता अंश धारकों को किया जायेगा जिनका नाम 31 मार्च, 2026 को सदस्यों के रजिस्टर में पंजीकृत है।"

3. **श्री राहुल कुमार (डी.आई.एन. : 09680147), जो "श्रेणी सी" के अंतर्गत आते हैं, के स्थान पर निदेशक की नियुक्ति पर विचार करना जोकि चक्रिय क्रम से सेवानिवृत्त होंगे एवं इस सम्बन्ध में निम्नलिखित सामान्य प्रस्ताव पारित करना :**

   "प्रस्ताव पारित किया जाता है कि कंपनी के अंर्तनियमों के अनुच्छेद 9.6 तथा अन्य अर्न्तनियमों के

अन्तर्गत एवं कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 378ZA तथा अन्य प्रावधानों सहित (किसी भी प्रकार के वैधानिक संशोधनों या समय–समय पर लागू होने वाले प्रावधानों पुर्न–अध्यादेश) श्री राहुल कुमार, कंपनी की निदेशक, जो ''श्रेणी सी'' के अंतर्गत आते हैं, जो चक्रिय क्रम से सेवानिवृत्त हो रहे हैं तथा पुनः नियुक्ति के लिए योग्य नही हैं, के स्थान पर श्रीमती पवन (डी.आई.एन. : 11908230) को जो ''श्रेणी–सी'' के सदस्यों का प्रतिनिधित्व करती हैं, को कम्पनी में निदेशक नियुक्त किया जाता है, जोकि चक्रिय क्रम के आधार पर सेवानिवृत्त होंगी।''

4. **श्रीमती सुलेखा (डी.आई.एन. 10242846), जो ''कोई श्रेणी नहीं'' के अन्तर्गत आती हैं, के स्थान पर निदेशक की नियुक्ति पर विचार करना जोकि चक्रिय क्रम से सेवानिवृत्त होंगे एवं इस सम्बन्ध में निम्नलिखित सामान्य प्रस्ताव पारित करना:**

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि कंपनी के अंर्तनियमों के अनुच्छेद 9.6 तथा अन्य अर्न्तनियमों के अन्तर्गत एवं कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 378ZA तथा अन्य प्रावधानों सहित (किसी भी प्रकार के वैधानिक संशोधनों या समय–समय पर लागू होने वाले प्रावधानों सहित पुर्न–अध्यादेश सहित) कंपनी की निदेशक श्रीमती सुलेखा जो ''कोई श्रेणी नहीं'' के अन्तर्गत आती हैं एवं जो चक्रिय क्रम से सेवानिवृत्त हो रही हैं तथा पुनः नियुक्ति के लिए योग्य नही हैं, के स्थान पर श्रीमती रेखा (डी.आई.एन. : 11908274) को जो ''श्रेणी–सी'' के सदस्यों का प्रतिनिधित्व करती हैं, को कम्पनी में निदेशक नियुक्त किया जाता है, जोकि चक्रिय क्रम के आधार पर सेवानिवृत्ति होंगी।''

5. **श्री योगेश कुमार जादौन (डी.आई.एन. 8526498) को ''श्रेणी ए'' के अंतर्गत आते हैं, कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्ति पर विचार करना और इस संबंध में निम्नलिखित सामान्य प्रस्ताव पारित करना:**

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कंपनी के अंतर्नियमों के अनुच्छेद 9.6 तथा अन्य अर्न्तनियमों के अन्तर्गत एवं कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 378ZA तथा अन्य प्रावधानों सहित (किसी भी प्रकार के वैधानिक संशोधनों या समय–समय पर लागू होने वाले प्रावधानों सहित पुर्न–अध्यादेश सहित) श्री योगेश कुमार जादौन, कंपनी के निदेशक जो ''श्रेणी–ए'' के अन्तर्गत आते है एवं जो चक्रिय क्रम से सेवानिवृत्त हो रहे हैं तथा पुनः नियुक्ति के लिए योग्य नहीं हैं, के स्थान पर श्रीमती पूनम देवी (डी.आई. एन. : Applied For) को जो ''श्रेणी–बी'' के सदस्यों का प्रतिनिधित्व कर रही हैं, को कंपनी ने निदेशक नियुक्त किया जाता है, जोकि चक्रिय क्रम के आधार पर सेवानिवृत्ति होंगी।''

6. **1 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2027 तक की अवधि के लिए कंपनी के बजट पर विचार कर उसका अनुमोदन करना एवं इस सम्बन्ध में निम्नलिखित सामान्य प्रस्ताव पारित करना :**

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि 1 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2027 तक की अवधि के लिए कंपनी का बजट वार्षिक आम सभा में सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जिसे अनुमोदित किया जाता है।''

**7. कंपनी के अंतर्नियमों में संशोधन पर विचार कर उसका अनुमोदन एवं सदि सही माना जाये तो संशोधन सहित अथवा रहित निम्नलिखित विशेष प्रस्ताव पारित करना :**

"प्रस्ताव पारित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 के भाग XXIA के प्रासंगिक प्रावधानों, विशेष रूप से धारा 378–I, 378ZQ, 378ZR तथा कंपनी अधिनियम, 2013 की अन्य लागू धाराओं, यदि कोई हो, तथा कंपनी के ज्ञापन एवं उननियमों के लागू प्रावधानों के अनुसरण में, कंपनी के वर्तमान उपनियमों में निम्नलिखित प्रकार एवं सीमा तक संशोधन किया जाए:

**(1) कंपनी के उपनियमों के वर्तमान अनुच्छेद 4.3 (iii) को संशोधित किया जाए और इसे निम्नलिखित रूप में पढ़ा जाए :**

4.3(iii) कोई भी सदस्य, जो सदस्य के रूप में बने रहने के लिए पात्र नहीं है, उसे सदस्य के रूप में हटाए जाने के संबंध में कंपनी द्वारा लिखित नोटिस दिया जाएगा तथा उसे अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान किया जाएगा। सदस्य को नोटिस में निर्दिष्ट निर्धारित अवधि के भीतर उक्त नोटिस का उत्तर देना होगा। इसके पश्चात् बोर्ड इस विषय पर निर्णय लेगा। तथापि, सदस्यों को नोटिस भेजने के प्रयोजन से, बोर्ड किसी विशेष वर्ष के दौरान सभी सदस्यों के लिए एक या अधिक पात्रता मानदंडों में छूट प्रदान कर सकता है।

ऐसा नोटिस या दस्तावेज सदस्य को व्यक्तिगत रूप से प्रदान करके अथवा साधारण डाक, पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट, कूरियर या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से कंपनी के पास पंजीकृत सदस्य के ई–मेल पते पर भेजा जा सकता है।

डाक, पंजीकृत डाक, स्पीट पोस्ट या कूरियर द्वारा भेजा गया नोटिस सामान्य प्रक्रिया में उसकी डिलीवरी के लिए आवश्यक सामान्य अवधि की समाप्ति पर सदस्य को विधिवत तामील किया हुआ माना जाएगा।

कंपनी के पास पंजीकृत सदस्य के ई–मेल पते पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजा गया नोटिस, प्रेषण की तारीख को विधिवत तामील किया हुआ माना जाएगा, बशर्ते कि कंपनी को डिलीवरी विफल होने, डिलीवरी न होने अथवा ई–मेल के वापस आने (Bounce-Back) की कोई सूचना प्राप्त न हो।

**(2) कंपनी के उपनियमों के अनुच्छेद 4.4(iv) के तुरंत बाद निम्नलिखित नया अनुच्छे 4.4(iv) सम्मिलित किया जाए :**

4.4(iv) कोई सदस्य, किसी विशेष वर्ग के सदस्यों का बोर्ड में प्रतिनिधित्व करने वाले निदेशक / निदेशकों के निर्वाचन या नियुक्ति में मतदान करने के लिए तभी पात्र होगा, जब उसने निर्वाचन या नियुक्ति से ठीक पूर्व वाले वित्तीय वर्ष के दौरान उस सदस्यता वर्ग पर लागू सभी पात्रता मानदंडों को पूरा किया हो।

**(3) कंपनी के उपनियमों के वर्तमान अनुचछेद 4.5 (ii) को संशोधित किया जाए और इसे निम्नलिखित रूप में पढ़ जाए :**

4.5(ii) कंपनी अपने सदस्यों से दूध की खरीद के लिए संबंधित क्षेत्र में प्रचलित मूल्य तथा समय–समय पर निर्धारित किए जाने वाले अन्य मानदंडों के आधार पर सदस्यों को अलग–अलग मूल्य का भुगतान कर सकती है।

**(4) कंपनी के उपनियमों के वर्तमान अनुच्छे 9.6(i) को संशोधित किया जाए और इसे निम्नलिखित रूप में पढ़ा जाए :**

9.6(i) कंपनी के प्रत्येक वार्षिक आम सभा में कुल निर्वाचित निदेशकों के एक–चौथाई निदेशक रोटेशन द्वारा सेवानिवृत्त होंगे तथा रोटेशन द्वारा सेवानिवृत्ति से रिक्त हुए पद को अनुच्छेद 9.5 के अनुसार प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करते हुए भरा जाएगा। प्रत्येक वार्षिक आम सभा में रोटेशन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले निदेशक वे होंगे, जिन्होंने अपनी पिछली नियुक्ति के बाद से पद पर सबसे लंबे समय तक कार्य किया है। यदि किसी एक ही वार्षिक आम सभा में एक से अधिक निदेशकों की नियुक्ति हुई हो, तो सेवानिवृत्त होने वाले निदेशक/निदेशकों का निर्धारण लॉटरी/पर्ची द्वारा किया जाएगा।

**(5) कंपनी के उपनियमों अनुच्छेद 9.16 को संशोधित किया जाए और इसे निम्नलिखित रूप में पढ़ा जाए :**

9.16 कोई निर्वाचित निदेशक, कंपनी का सदस्य न रहने या कंपनी के उपनियमों 4.4(i) के अंतर्गत मतदान के अधिकारों का प्रयोग करने के लिए अपात्र हो जाने पर अपने पद पर बने रहने का अधिकार खो देगा। इसके अतिरिक्त, कोई सदस्य बोर्ड में निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा अथवा निम्नलिखित परिस्थितियों में निदेशक का पद रिक्त हो जाएगा।

**(6) वर्तमान अनुच्छेद 9.16(xiii) के तुरंत बाद निम्नलिखित नए अनुच्छेद 9.16(xiv), 9.16(xv) एवं 9.16(xvi) सम्मिलित किए जाएं :**

9.16(xiv) वह अस्वस्थ मस्तिष्क (unsound mind) का है और सक्षम न्यायालय द्वारा इस संबंध में घोषित किया गया है।

9.16(xv) वह एक अविमोचित दिवालिया (undischarged insolvent) है अथवा उसने स्वयं को दिवालिया घोषित किए जाने के लिए आवेदन किया है और ऐसा आवेदन लंबित है।

9.16(xvi) उसे निदेशक पहचान संख्या (DIN) आवंटित नहीं की गई है।

पुनः प्रस्ताव पारित किया जाता है कि कंपनी के मुख्य कार्यकारी या कंपनी सचिव का कंपनियों के रजिस्ट्रार के समक्ष सभी आवश्यक प्रपत्र दाखिल करने और ऐसे सभी कार्यों एवं गतिविधियों को करने

और ऐसे सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने और निष्पादित करने के लिए अधिकृत किया जाता है जो इस प्रस्ताव को लागू करने के लिए आवश्यक हो सकते हैं।"

बोर्ड के आदेशानुसार
सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड

दिनांक : 21 अगस्त, 2026
स्थान : आगरा

**ह./–**
**वरूण वर्मा**
**कम्पनी सचिव व एजीएम–लीगल**
**सदस्यता संख्या : F10508**

## टिप्पणीयाँ –

1. वार्षिक आम बैठक में भाग लेने और मतदान करने का हकदार एक सदस्य, हाथ दिखाकर मतदान करने के साथ–साथ स्वयं के स्थान पर प्रॉक्सी नियुक्त करने का हकदार है और एक प्रॉक्सी एक सदस्य होना चाहिए। गैर–सदस्य को कंपनी का प्रॉक्सी के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता। प्रभावी होने के लिए प्रॉक्सी नियुक्त करने वाले उपकरण को बैठक के निर्धारित समय से कम से कम 48 घंटे पहले विधिवत पूरा करके, मुहर लगाकर और हस्ताक्षरित करके कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में जमा किया जाना चाहिए। इसके साथ एक खाली प्रॉक्सी फॉर्म संलग्न है।

2. सदस्यों/प्रॉक्सी से अनुरोध है कि वे तेरहवीं वार्षिक आम बैठक में भाग लेने के लिए इसके साथ भेजी गई उपस्थिति पर्ची विधिवत भरकर लाएँ।

3. प्रत्येक सदस्य को उसके द्वारा ली गई अंश पूँजी और संरक्षता को ध्यान में रखते हुए एक वोट डालने का अधिकार होगा (हाथ दिखाकर अथवा पोल पर) लेकिन उसे अपनी सदस्यता की आधारभूत शर्तों को पूरा कर लिया हो अर्थात् उसने गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में कंपनी को कम से कम 200 दिनों में 500 लीटर दूध की आपूर्ति की हों।

4. एक व्यक्ति अधिकतम तीन सौ (300) सदस्यों की ओर से प्रॉक्सी के रूप में कार्य कर सकता है, जो कुल मिलाकर कंपनी की शेयर पूंजी का 10% से अधिक नहीं होना चाहिए।

5. इस नोटिस के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न हैं :

   1. ऊपर मद संख्या 3, 4 एवं 5 में दिए गए अनुसार नियुक्ति/पुनर्नियुक्ति चाहने वाले निदेशकों के बारे में विवरण।
   2. 14 अगस्त, 2025 को आयोजित पिछली वार्षिक आम बैठक का कार्यवृत्त।
   3. 31 मार्च, 2026 को लेखापरीक्षित आर्थिक चिट्ठा और 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लाभ और हानि खाता, साथ में निदेशक मंडल और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट।
   4. वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए बजट।

6. जिन सदस्यों को कंपनी के खातों या संचालन के बारे में जानकारी चाहिए या कोई प्रश्न पूछना हो, उनसे अनुरोध है कि वे इसे बैठक की तारीख से कम से कम 7 दिन पहले कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में कंपनी सचिव को भेज दें।

7. संलग्न नोटिस और संलग्न विवरण में उल्लिखित प्रासंगिक दस्तावेज कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में सभी कार्य दिवसों पर सामान्य व्यावसायिक घंटों (11:00 बजे से 16:00 बजे के बीच) के दौरान सदस्यों द्वारा निरीक्षण के लिए खुले रहेंगे।

8. सदस्यों से अनुरोध है कि वे कंपनी के साथ सभी संचार में सोलह अंकों का सदस्यता कोर्ड और फोलियो नंबर उद्धृत करें।

9. बोर्ड द्वारा अनुशंसित सीमित रिटर्न (लाभांश), यदि बैठक में घोषित किया जाता है, तो उन शेयरधारकों को भुगतान किया जाएगा, जिनके नाम 31 मार्च, 2026 को कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में सदस्य के रूप में दिखाई देंगे।

10. सदस्यों को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124 के प्रावधानों के अनुसार (उस समय लागू होने वाले किसी भी वैधानिक संशोधन या पुनः अधिनियम के साथ), यदि सीमित रिटर्न (लाभांश) का दावा नहीं किया जाता है। अवधि के भीतर भुनाया नहीं जाता है। इसकी घोषणा तारीख से 7 साल बाद, दावा न की गई राशि निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि में स्थानांतरित कर दी जाएगी। निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि में स्थानांतरित कर दी जाएगी। निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि (आईईपीएफ) में स्थानांतरण के कारण अवैतनिक लाभांश इस प्रकार है :

| वित्तीय वर्ष | घोषणा की तिथि | आईईपीएफ के हस्तांतरण की संभावित तिथि |
|---|---|---|
| 2018–19 | 06/09/2019 | 05/11/2026 |
| 2019–20 | 02/11/2020 | 01/01/2027 |
| 2020–21 | 24/09/2021 | 23/11/2028 |
| 2021–22 | 23/08/2022 | 22/10/2029 |
| 2022–23 | 16/09/2023 | 15/11/2030 |
| 2023–24 | 25/09/2024 | 24/11/2031 |
| 2024–25 | 14/08/2025 | 13/10/2032 |

जिन सदस्यों ने उपरोक्त वर्षों से संबंधित अपने लाभांश वारंट को भुनाया नहीं है/इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण के माध्यम से प्राप्त नहीं किया है, वे उक्त निधि में स्थानांतरण के लिए देय होने से पहले भुगतान प्राप्त करने के लिए कंपनी से संपर्क कर सकते हैं।

11. सदस्यों से अनुरोध है कि वें कंपनी से वार्षिक रिपोर्ट, नोटिस, परिपत्र आदि सहित सभी संचार इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने के लिए अपने पंजीकृत ई–मेल आईडी, पता और मोबाइल नम्बर पंजीकृत/अद्यतन करें।

12. बैठक की सूचना कंपनी की वेबसाइट www.saahajmilk.com पर भी उपलब्ध होगी।

13. वार्षिक आम बैठक स्थल तक पहुंचने का रूट मैप प्रमुख स्थल चिन्ह सहित नोटिस का हिस्सा है।

बोर्ड के आदेशानुसार
सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड

दिनांक : 21 अगस्त, 2026
स्थान : आगरा

**ह./–**
**वरूण वर्मा**
**कम्पनी सचिव व एजीएम–लीगल**
**सदस्यता संख्या : F10508**

आगामी वार्षिक आम सभा में नियुक्ति / पुनः नियुक्त चाहने / होने वाले निदेशकों का विवरण (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 378ZA(4)(c) और सामान्य सभा पर लागू सचिवीय मानकों के अनुसारद्ध

**<u>मद संख्या 3, 4 एवं 5</u>**

बोर्ड नामांकन समिति की सिफारिश पर, श्रीमती पवन (डी.आई.एन. : 11908230 जो 'श्रेणी–सी' का प्रतिनिधित्व करती हैं), श्रीमती रेखा (डी.आई.एन. : 11908274 जो 'श्रेणी सी' का प्रतिनिधित्व करती हैं और श्रीमती पूनम देवी (डी.आई.एन. : Applied For जो श्रेणी 'बी' का प्रतिनिधित्व करती हैं) कि नियुक्ति करने का प्रस्ताव करता है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है :

| | **श्रीमती पवन** | **श्रीमती रेखा** | **श्रीमती पूनम देवी** |
|---|---|---|---|
| **उम्र** | 55 | 36 | 44 |
| **शैक्षिक योग्यता :** | हाईस्कूल | ग्रेजुएट | पोस्ट ग्रेजुएट |
| व्यवसाय : | कृषि और पशुपालन | कृषि और पशुपालन | कृषि और पशुपालन |
| अनुभव : | कृषि और पशुपालन क्षेत्र में 35 साल का अनुभव | कृषि और पशुपालन क्षेत्र में 18 साल का अनुभव | कृषि और पशुपालन क्षेत्र में 25 साल का अनुभव |
| नियुक्ति के नियम और शर्तें : | गैर कार्यकारी निदेशक, चक्रीय क्रम से सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी | गैर कार्यकारी निदेशक, चक्रीय क्रम से सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी | गैर कार्यकारी निदेशक, चक्रीय क्रम से सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी |
| पारिश्रमिक का भुगतान करने की मांग की और अंतिम आहरित पारिश्रमिक | शून्य | शून्य | शून्य |
| बोर्ड में पहली नियुक्ति की तिथि | तेरहवीं वार्षिक आम सभा में नियुक्ति का प्रस्ताव | तेरहवीं वार्षिक आम सभा में नियुक्ति का प्रस्ताव | तेरहवीं वार्षिक आम सभा में नियुक्ति का प्रस्ताव |
| निदेशक मण्डल की बैठकों की संख्या में भाग लिया | – | – | – |
| अंश पूजीधारिता : | 34 | 29 | 70 |
| अन्य निदेशकों और केएमपी के साथ संबंध : | सम्बन्धित नहीं | सम्बन्धित नहीं | सम्बन्धित नहीं |
| बोर्ड की समिति की सदस्यता / अध्यक्षता : | शून्य | शून्य | शून्य |

**मद संख्या :7**

कंपनी के (AoA) की समीक्षा कंपनी की परिचालन आवश्यकताओं, सुशासन संबंधी प्रथाओं तथा उत्पादक कंपनियों से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों के आलोक में की गई है। समीक्षा के आधार पर, सुशासन के ढाँचे को सुदृढ़ करने तथा प्राकृतिक दक्षता के सुधार करने के उद्देश्य से कंपनी अंतर्नियमों के अनुच्छेद 4.3 (iii), 4.4, 4.5(ii), 9.6 (i) तथा 9.16 में कुछ संशोधन प्रस्तावित किए गए हैं। प्रस्तावित संशोधनों में मुख्य रूप से नोटिस की तामील से संबंधित प्रावधानों को अद्यतन करना, अनावश्यक प्रावधानों को हटाना तथा अतिरिक्त सुशासन संबंधी आवश्यकताओं को शामिल करते हुए निदेशकों की पात्रता एवं अयोग्यता के मानदंडों को सुदृढ़ करना शामिल है। इन संशोधनों का उद्देश्य बेहतर सुशासन को बढ़ावा देना, अंतर्नियमों में स्पष्टता में सुधार करना, दोहराव को दूर करना, वैधानिक प्रावधानों के साथ सामंजस्य सुनिश्चित करना तथा कंपनी के उत्पादक सदस्यों के हितों की सुरक्षा करते हुए कंपनी के कुशल संचालन को सुगम बनाना है।

बर्हिनियम एवं अंतर्नियमों की एक प्रति प्रस्तावित परिवर्तनों के साथ सभी कार्य दिवसों में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक मध्य नोटि की तिथि से वार्षिक आम सभा की तिथि तक कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में सदस्यों द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

कंपनी के किसी भी निदेशक/अधिकारी या उनके किसी भी रिश्तेदार को इस प्रस्ताव में कोई व्यक्तिगत हित या सरोकार नहीं है।

निदेश मंडल, इस प्रस्ताव को सदस्यों की स्वीकृति के लिए बैठक की सूचना के क्रमांक 7 में उल्लिखित विशेष प्रस्ताव के रूप में अनुमोदन हेतु सिफारिश करता है।

बोर्ड के आदेशानुसार
सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड

दिनांक : 21 अगस्त, 2026
स्थान : आगरा

**ह./–**
**वरूण वर्मा**
**कम्पनी सचिव व एजीएम–लीगल**
**सदस्यता संख्या : F10508**

सहज मिल्क प्रोडयूसर कंपनी लिमिटेड के सदस्यों की बारहवीं वार्षिक आम सभा, जो शनिवार, दिनांक 14 अगस्त, 2025 को सुबह 10:30 बजे होटल मधु रिसॉर्ट्स, सिकन्दरा, मथुरा रोड, आगरा–282007, उत्तर प्रदेश, भारत में सम्पन्न हुई, जिसकी कार्य सूची का विवरण इस प्रकार है:

उपस्थिति :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री शिव प्रताप | : | अध्यक्ष, अध्यक्ष (स्टेकहोल्डर्स रिलेशनशिप कमेटी एवं अंशधारक) |
| 2. | श्री राहुल कुमर | : | निदेशक एवं अंशधारक |
| 3. | श्रीमती सपना | : | निदेशक एवं अंशधारक |
| 4. | श्रीमती सुलेखा | : | निदेशक एवं अंशधारक |
| 5. | श्रीमती रजनी | : | निदेशक एवं अंशधारक |
| 6. | श्री शैलेन्द्र कुमार | : | निदेशक एवं अंशधारक |
| 7. | श्री शिव कुमार शर्मा | : | निदेशक एवं अंशधारक |
| 8. | श्री सुशील कुमार | : | निदेशक एवं अंशधारक |
| 9. | श्रीमती उमा भदौरिया | : | निदेशक एवं अंशधारक |
| 10. | श्री अवनेश कुमार | : | निदेशक एवं अंशधारक |
| 11. | श्री योगेश कुमार जादौन | : | निदेशक एवं अंशधारक |
| 12. | श्री रघु एच. मल्लेगौड़ा | : | निदेशक एवं अंशधारक |
| 13. | डॉ. प्रफुल्ल भानवाड़िया | : | मुख्य कार्यकारी एवं निदेशक |
| 14. | श्री वरुण वर्मा | : | कंपनी सचिव |

सदस्य उपस्थित

व्यक्तिगत रूप से : 130

प्रतिनिधि के माध्यम से : 38,598

श्री शिव प्रताप ने प्रातः 10:30 बजे बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कंपनी सचिव से बैठक शुरू करने के लिए अपेक्षित उपस्थिति और कोरम की उपस्थिति की पुष्टि करने को कहा।

इसके बाद, कंपनी सचिव श्री वरुण वर्मा ने कहा कि उपस्थिति रजिस्टर के अनुसार, व्यक्तिगत रूप से 130 सदस्य जिनके 6,759 अंश है और प्रॉक्सी के माध्यम से 38,598 सदस्य जिनके 19,41,131 अंश है, उपस्थित थे। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 378Y सपठित अंतर्नियम के अनुच्छेद 11.6 के अनुसार अपेक्षित कोरम के लिए 33,037 सदस्य होने चाहिए।

अध्यक्ष ने कहा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 378Y के अनुसार, कोरम बनाने के लिए आवश्यक न्यूनतम 33,037 सदस्य अंशधारक मौजूद है, बैठक का कोरम पूर्ण होने की घोषणा के पश्चात् कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

अध्यक्ष ने कंपनी की बारहवीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में उपस्थित सभी सदस्यों और निदेशकों का स्वागत किया। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को सूचित किया कि कंपनी के निदेशक डॉ. सौगत मित्रा बैठक में भाग लेने में असमर्थ हैं।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने बताया कि कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षक, मैसर्स एस.एन. धवन एण्ड कंपनी, चार्टर्ड एकाउटेंट्स ने अपनी व्यस्तताओं के कारण वार्षिक आगम बैठक (AGM) में उपस्थित न होने के लिए छूट का अनुरोध किया था, जिसे स्वीकृति प्रदान की गई।

इसके बाद अध्यक्ष ने कंपनी के मूल्य, मिशन और विजन को पढ़कर बैठक की कार्यवाही शुरू की।

कंपनी सचिव श्री वरुण वर्मा ने घोषणा की कि, सदस्यों के निरीक्षण के लिए निदेशकों की अंशधारिता का रजिस्टर, प्रॉक्सी का रजिस्टर, सदस्यों की अंशधारिता का विवरण और अन्य वैधानिक रजिस्टर बैठक हॉल के प्रवेश द्वार पर रखे गए हैं।

कंपनी की बारहवीं वार्षिक आम बैठक बुलाने का नोटिस, जो पहले सदस्यों को वितरित किया गया था, उपस्थिति सभी सदस्यों की सहमति से पढ़ा हुआ मान लिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि कंपनी की ऑडिटर रिपोर्ट में कोई प्रतिकूल टिप्पणी/योग्यताएं नहीं थीं और इसलिए ऑडिटर रिपोर्ट को पढ़ा हुआ मान लिया गया।

इसके बाद अध्यक्ष महोदय ने बैठक में उपस्थित सदस्यों को अपना भाषण दिया।

सदस्यों को अपना संबोधन समाप्त करने पर, अध्यक्ष ने बैठक को बारहवीं वार्षिक आम बैठक के नोटिस में निर्धारित कार्यों को निपटाने का निर्देश दिया।

बैठक में निम्नलिखित व्यवसाय किये गये :

1. 31 मार्च, 2025 का अंकेक्षित आर्थिक चिट्ठा लाभ–हानि खाते, रोकड़ प्रवाह विवरण तथा अंकेक्षकों एवं

निदेशकों की रिपोर्ट को प्राप्त करके उन पर विचार करना एवं उसे अपनाना।

श्री शिवपाल सिंह (फोलियो नं.: 0245325) ने निम्नलिखित प्रस्ताव को साधारण प्रस्ताव के रूप में प्रस्तावित किया।

प्रस्ताव संख्या : 01 / 12वीं वार्षिक आम सभा : 14.08.2025 / 2025–26

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि 31 मार्च, 2025 का अंकेक्षित आर्थिक चिट्ठा, लाभ हानि खाते, रोकड़ प्रवाह विवरण, शेड्यूल और नोट्स जो खातों का हिस्सा है, अंकेक्षकों एवं निदेशकों की रिपोर्ट को अनुमोदित एवं अपनाया जाता है।''

श्री ब्रजेश सिंह (फोलियो नं.: 0073469) ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव को मतदान के लिए रखा जिसको सभी सदस्यों ने हाथ दिखाकर सर्वसम्मति से पारित किया।

2. कंपनी की इक्विटी शेयर पूंजी पर सीमिट रिटर्न ;लाभांशद्ध पर विचार करना और घोषित करना।

श्री डैबरी लाल (फोलियो नं.: 0079475) ने निम्नलिखित प्रस्ताव को एक साधारण प्रस्ताव के रूप में प्रस्तावित किया।

प्रस्ताव संख्या : 02 / 12वीं वार्षिक आम सभा : 14.08.2025 / 2025–26

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के आरक्षित और अधिशेष में से 8 /– रुपये प्रति समता अंश की दर से 100 /– रुपये वाले 31,81,783 पूर्ण प्रदत्त समता अंशों पर वित्त वर्ष 2024–2025 के लिए 2.55 करोड़ रुपये सीमित रिटर्न (लाभांश) की मंजूरी दी गई है और इसकी पुष्टि की गई है और इसका भुगतान उन समता अंशधारकों को किया जाएगा, जिनके नाम 31 मार्च, 2025 को सदस्यों के रजिस्टर में दिखाई दिए थे।''

श्री रामजीलाल (फोलियो नं.: 0166843) ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव को मतदान के लिए रखा जिसको सभी सदस्यों ने हाथ दिखाकर सर्वसम्मति से पारित किया।

3. श्री सुशील कुमार (डीआईएनः 09300081) जो ''श्रेणी–ए'' के अंतर्गत आते हैं, जोकि चक्रिय क्रम से

सेवानिवृत्त होंगे)

श्रीमती मिथिलेश कुमारी (फोलियो नं.: 0026366) जो ''श्रेणी बी'' का प्रतिनिधित्व करती हैं, ने निम्नलिखित प्रस्ताव को एक साधारण प्रस्ताव के रूप में प्रस्तावित किया।

प्रस्ताव संख्या : 03 / 12वीं वार्षिक आम सभा : 14.08.2025 / 2025–26

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि कंपनी के अंतर्नियमों के अनुच्छेद 9.6 और अन्य प्रासंगिक लेखों और कंपनी अधिनियम, 2013 धारा 378ZA और अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार, (उस समय के लिए किसी भी वैधानिक संशोधन या पुनः अधिनियमन के साथ श्री सुशील कुमार कंपनी की निदेशक जो ''श्रेणी–ए'' के अंतर्गत आते हैं जो चक्रीय क्रम से सेवानिवृत्त होते हैं और पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं, उनकी जगह श्रीमती पूनम यादव (डीआईएन : 11200177) को जो ''श्रेणी बी'' के सदस्यों का प्रतिनिधित्व करती है को कंपनी में निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है, जो चक्रीय क्रम के आधार पर सेवानिवृत्त होगी।''

श्री अनीता यादव (फोलियो नं.: 0211211) जो ''श्रेणी बी'' का प्रतिनिधित्व करती है ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव को मतदान के लिए रखा जिसको श्रेणी सी के सदस्यों ने हाथ दिखाकर सर्वसम्मति से पारित किया।

4. श्री शिव प्रताप (डी.आई.एन. : 07894230) जो ''श्रेणी–सी'' के अंतर्गत आते हैं, जोकि चक्रिय क्रम से सेवानिवृत्त होंगे।

श्री गुड्डू (फोलियो नं.: 0089729) जो ''श्रेणी सी'' का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने निम्नलिखित प्रस्ताव को एक साधारण प्रस्ताव के रूप में प्रस्तावित किया।

प्रस्ताव संख्या : 04 / 12वीं वार्षिक आम सभा : 14.08.2026 / 2025–26

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि कंपनी ने अंर्तनियमों के अनुच्छेद 9.6 तथा अन्य अर्न्तनियमों के अन्तर्गत एवं कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 378ZA और अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार, (उस समय के लिए किस भी वैधानिक संशोधन या पुनः अधिनियमन के साथ) श्री शिवप्रताप कंपनी के निदेशक जो ''श्रेणी सी'' के अंतर्गत आते हें जो चक्रीय क्रम से सेवानिवृत्त होते हैं और पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं, उनकी जगह श्रीमती सोनम कुमारी (डीआईएन : 11200113) को जो ''श्रेणी सी'' के सदस्यों का प्रतिनिधित्व करती हैं को कंपनी में निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है, जोकि चक्रीय क्रम के आधार पर सेवानिवृत्त होगीं।''

श्री सुनीता (फोलियो नं.: 0214924) जो ''श्रेणी सी'' का प्रतिनिधित्व करती हैं ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव को मतदान के लिए रखा जिसको ''श्रेणी सी'' के सदस्यों ने हाथ दिखाकर सर्वसम्मति से पारित किया।

5. श्री शिव कुमार शर्मा (डी.आई.एन. : 08526410) जो बार्ड में ''श्रेणी सी'' का प्रतिनिधित्व करते हैं, जोकि चक्रिय क्रम से सेवानिवृत्त होकर, योग्यताए पूर्ण करते हुये स्वयं को पुनः नियक्ति के लिए प्रस्तावित करते है।

श्रीमती सुमन देवी (फोलियो नं. 0816972) जो ''श्रेणी सी'' का प्रतिनिधित्व करती हैं, ने निम्नलिखित प्रस्ताव को एक साधारण प्रस्ताव के रूप में प्रस्तावित किया।

प्रस्ताव संख्या : 05 / 12वीं वार्षिक आम सभा : 14.08.2025 / 2025–26

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि कंपनी ने अंर्तनियमों के अनुच्छेद 9.6 तथा अन्य अर्न्तनियमों के अन्तर्गत एवं कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 378ZA और अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार, (उस समय के लिए किस भी वैधानिक संशोधन या पुनः अधिनियमन के साथ) श्री शिव कुमार शर्मा कंपनी के निदेशक जो ''श्रेणी सी'' के अंतर्गत आते हैं जो चक्रीय क्रम से सेवानिवृत्त होते हैं और पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं, उनकी जगह श्रीमती प्रेमलता (डीआईएन : 11200161) को जो ''श्रेणी सी'' के सदस्यों का प्रतिनिधित्व करती है को कंपनी में निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है, जोकि चक्रीय क्रम के आधार पर सेवानिवृत्त होगीं।''

श्रीमती संगीता देवी (फोलियो नं.: 0251413) जो ''श्रेणी सी'' का प्रतिनिधित्व करते हैं ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव को मतदान के लिए रखा जिसको ''श्रेणी सी'' के सदस्यों ने हाथ दिखाकर सर्वसम्मति से पारित किया।

6. 1 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक की अवधि के लिए कंपनी के बजट पर विचार कर और उसका अनुमोदन करना।

श्रीमती हेमलता (फोलियो नं.: 0229486) ने निम्नलिखित प्रस्ताव को एक साधारण प्रस्ताव के रूप में प्रस्तावित किया।

प्रस्ताव संख्या : 06 / 12वीं वार्षिक आम सभा : 14.08.2025 / 2025–26

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि 01 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक की अवधि के लिए कंपनी के बजट जैसा वार्षिक आम सभा के समक्ष पारित किया गया है को अनुमोदित किया जाता है।''

श्रीमती आरती कुमारी (फोलियो नं. : 0229645) ने का अनुमोदन किया।

अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव को मतदान के लिए रखा जिसको सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर इसे सर्वसम्मति से पारित किया।

7. सरक्षता के आधार पर सदस्यों को विभिन्न श्रेणी में वर्गीकरण करने के लिए संशोधित मानदण्डों पर विचार कर अनुमोदन करना।

श्री पवन कुमार (फोलियो संख्या : 0249136) ने निम्नलिखित प्रस्ताव को सामान्य प्रस्ताव के रूप में प्रस्तावित किया।

प्रस्ताव संख्या : 07 / 12वीं एजीएम : 14.08.2025 / 2025–26

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि छठीं वार्षिक आम सभा में पारित प्रस्ताव संख्या – 09 / छठीं वार्षिक आम सभा : 06.09.2019 / 2019–20 को खारिज करते हुए एवं कंपनी के अंतर्नियमों के अनुच्छेद 9.4 के संदर्भ में व्यवसाय में सभी की भागीदारी (अर्थात् संरक्षता) के आधार पर सदस्यों को विभिन्न श्रेणी में वर्गीकरण करने के लिए संशोधित मानदण्ड नीचे दिये गए हैं :''

| क्र.सं. | मानदण्ड | श्रेणी 'ए' | श्रेणी 'बी' | श्रेणी 'सी' |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एक वर्ष में कंपनी को दूध आपूर्ति किये गतिविधियों की संख्या | 330 दिन या उससे अधिक | 270 दिन या उससे अधिक | 200 दिन या उससे अधिक |
| 2. | कंपनी द्वारा आपूर्ति किये गये वार्षिक दूध की संख्या (लीटर में) | 8,000 या उससे अधिक | 3,000 या उससे अधिक | 5000 या उससे अधिक |
| 3. | एक वर्ष में, शीतकालीन महीनों (नवम्बर–फरवरी) और ग्रीष्मकालीन महीनों (अप्रैल–जुलाई) के दौरान की गई दूध की आपूर्ति की मात्रा | शीतकालीन से ग्रीष्मकालीन का अनुपात 3.0 से अधिक नहीं होना चाहिए | शीतकालीन से ग्रीष्मकालीन का अनुपात 3.0 से अधिक नहीं होना चाहिए | शीतकालीन से ग्रीष्मकालीन का अनुपात 3.0 से अधिक नहीं होना चाहिए |
| 4. | कंपनी के अंकित मूल्य प्रति अंश रु. 100/– अभिदान किये गये न्यूनतम अंशों की संख्या | 80 अंश | 30 अंश | 05 अंश |

नोट –

(अ) वास्तविक अंशधारी या आपूर्ति किये गये दूध की मात्रा, जो भी कम हो, श्रेणी वर्गीकरण करने के लिए माना जायेगा।

(ब) संरक्षता गणना के लिए निम्नलिखित पर विचार किया जाएगा :

(i) जिन सदस्यों को वित्तीय वर्ष के दौरान जोड़ा गया है और अभी तक उन सदस्यों ने अपनी सदस्यता क 365 दिनों का पूरा नहीं किया है, लेकिन उनके द्वारा चुनी गई श्रेणी के लिए न्यूनतम आवश्यक पूंजी ले ली गइ है, उन्हें उस श्रेणी से सम्बन्धित माना जाएगा।

(ii) कोई भी सदस्य जो ''श्रेणी–ए'' या ''श्रेणी–बी'' के तहत मानदण्डों को पूरा नहीं करेगा, उसका उचित निम्न वर्गीकरण किया जा सकता है जिसके लिए वह सदस्य मानदण्डों को पूरा करता है। हालांकि, वह इस वर्ष में निदेशक मण्डल के चुनाव के लिए योग्य नहीं होगा।

(iii) वे सदस्य जो कम से कम ''श्रेणी–सी'' को बनाए रखने के लिए आवश्यक मापदण्डों को पूरा नहीं कर रहे हैं, कंपनी के अर्न्तनियम के अनुच्छेद 4.3 को अनुच्छेद 8 के साथ पढ़े जाने के प्रावधानों के अनुसार सदस्यता रद्द जारी करने का नोटिस जारी किया जायेगा।

श्री अवधेश (फोलियो संख्या : 0145948) ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव को मतदान के लिए रखा जिसको सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर इसे सर्वसम्मति से पारित किया।

8. बोर्ड में रिक्त पदों के लिए पात्र सदस्यों से प्राप्त आवेदनों की निर्धारित मानदंडों के आधार पर जाँच करने के लिए नामांकन समिति के गठन हेतु संशोधित दिशा–निर्देशों पर विचार करना और उन्हें निम्नलिखित रूप से साधारण प्रस्ताव द्वारा अनुमोदित करना।

श्रीमती सरिता देवी (फोलियो संख्या : 0237754) ने निम्नलिखित प्रस्ताव को सामान्य प्रस्ताव के रूप में प्रस्तावित किया।

प्रस्ताव संख्या : 08 / 12वीं एजीएम : 14.08.2026 / 2025–26

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि तृतीय वार्षिक आम सभा में पारित प्रस्ताव संख्या : 09 / तृतीय वार्षिक आम सभा : 10.09.2016 / 206–17 जो 10.09.2016 को आयोजित हुई थी को खारित करते हुये, XXI-A सहित कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और ज्ञापन–पत्र व कंपनी अंतर्नियमों के

अनुच्छेदों के लागू प्रावधानों के आधार पर नामांकन समिति के गठन के लिए संशोधित दिशा–निर्देश एतद्द्वारा अंगीकृत व स्वीकृत किये जाते है (किसी भी प्रकार के वैधानिक संशोधनों या समय–समय पर लागू होने वाले प्रावधानों सहित पुनः अध्यादेश अथवा अधिनियम, 2013 के आवश्यक परिवर्तन जहाँ तक लागू हो सकें) जो कि इस प्रकार है–

(i) बोर्ड 'कंपनी के बोर्ड में उत्पादक–सदस्य निदेशक के रिक्त पद हेतु योग्य उम्मीदवार' के लिए नामों का सुझाव बोर्ड को प्रदान करने हेतु सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (''कंपनी) का बोर्ड एक ''नामांकन समिति'' का गठन वित्तीय वर्ष समाप्त होने के तीन माह में करेगा।

(ii) कंपनी के निदेशक मण्डल द्वारा (श्रेणी–ए, श्रेणी–बी या श्रेणी–सी वर्ग के अन्तर्गत), उतपादक निदेशकों की रिक्ति की घोषणा की जायेगी। नामांकन समिति द्वारा विचार के लिए पात्र सदस्यों के नामांकन आमंत्रित करने हेतु एक सूचना कंपनी के नोटिस बोर्ड पर और/या कंपनी की वेबसाईट (यदि हो) पर और/या सामान्य डाक द्वारा परिपत्र भेजकर और/या कंपनी के पंजीकृत ई–मेल आईडी पर भेजकर और/या किसी अन्य इलैक्ट्रोनिक माध्यम/तरीके से, सम्बन्धित श्रेणी/श्रेणियों के सभी पात्र सदस्यों को भेजी जायेगी, जिनके लिए रिकित उत्पन्न हुई है।

(iii) अनुच्छेद के तहत, बोर्ड ऐसे सदस्यों की पहचान करने के लिए एक प्रक्रिया तैयार करेगा जिसकी पालना ''नामांकन समिति'' द्वारा किया जाना आवश्यक होगा।

(iv) ''नामांकन समिति'' निम्नलिखित सारणी में पात्र प्रार्थी हेतु प्रत्येक मानदंड के सामने दिए गए 'प्राथी' के योग्यता अंक पर विचार करेगी।

| प्रार्थी की योग्यता हेतु अंक मानदंड | |
|---|---|
| पूर्ववर्ती दो वित्तीय वर्षो के दौरान कंपनी को दुग्ध आपूर्ति के दिनों की संख्या, अंक निम्न प्रकार से होंगे :<br>(95% या अधिक दिन – 30, 85% से < 95% दिन–20, 75% से < 85%–15 65% से < 75%–10, 55% से ए 65%–5, <55%–0) | 30 |
| इस अवधि के दौरान कम्पनी को स्व–घोषणा एवं कम्पनी के द्वारा अनुवर्ती सत्यापन के आधार संपूर्ण अधिशेष (सरप्लस) की आपूर्ति करना (यानि अन्य किसी प्रतियोगी/संचालक को दुग्ध आपूर्ति नहीं की है) | 5 |
| पिछले 5 वर्षो से सदस्य वर्ग (अ, ब, स) में से किसी एक की निरंतर सदस्यता बनाकर रखने पर – प्रत्येक वर्ष के लिए 6 अंक दिये जायेंगे। | 30 |

| | |
|---|---|
| आवेदक की शैक्षणिक योग्यता :<br>पुरुषों के लिए 12वीं पास होने पर 5 अंक, स्नातक होने पर 10 अंक, परास्नातक होने पर – 15 अंक<br>महिलाओं के लिए – 10वीं पास होने पर – 5 अंक, 12वीं पास होने पर – 10 अंक, स्नातक पास होने पर – 15 अंक | 15 |
| अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम जिनमें भाग लिया – सदस्य प्रशिक्षण (5 अंक), वीसीजी / एमआरजी : (5 अंक), एलडीपी (लीडरशिप डवलपमेंट प्रोग्राम) / बोर्ड निदेशकों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने पर (10 अंक) | 20 |
| कुल | 100 |

(v) बोर्ड द्वारा गठित की गई 'नामांकन समिति' में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे –

(i) सदस्यता की श्रेणी से बोर्ड का उत्पादक–सदस्य निदेशक जिसके लिए रिक्तता पैदा हुइ है। बशर्ते ऐसी उत्पादक–सदस्य निदेशक उस वार्षिक आम सभा से सेवानिवृत्त होने वाला सदस्य न हो। अगर एक से अधिक उत्पादक–सदस्य निदेशक योग्य सि( होते हैं, तो यदि उनके बीच कोई समझौता न हो, तो और ऐसी किसी भी आपसी सहमति के अधीन लॉटरी (या चिट्ठी डालकर चलन) के माध्यम से नामांकन समिति सदस्य को चुना जायेगा। अगर उस श्रेणी से कोई उत्पादक – सदस्य निदेशक उपलब्ध नहीं है, तो कोई अन्य उत्पादक–सदस्य निदेशक को ड्रा ऑफ लॉटस – सदस्य निदेशक उपलब्ध नहीं है, तो सभी उपस्थिति निदेशकों की आपसी सहमति से या चिट्ठी डालकर चयन के द्वारा चुना जायेगा।

(ii) कम्पनी बोर्ड का एक विशेषज्ञ निदेशक।

(iii) किसी प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान से एक विशेषज्ञ, या ऐसी संस्थान से जो स्वामित्व वाले उद्यमों के विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर चुकी है।

कम्पनी का कम्पनी सचिव 'नामांकन समिति' को अपना सहयोग प्रदान करेगा और ामांकन समिति की सभा के लिखित कार्य विवरणें सहित उसके सभी संबद्ध दस्तावेजों को संभालने के लिए उत्तरदायी होंगे।

(vi) 'नामांकन समिति' का कार्यकाल समिति की प्रथम बैठक की दिनांक से लेकर उसके द्वारा कम्पनी बोर्ड को अपने सुझाव भेजने की दिनांक तक होगा।

(vii) बोर्ड ऐसे योग्य सदस्यों को वचुनने के लिए 'नामांकन समिति' के द्वारा अपनायी जाने वाली प्रक्रिया की जानकारी देगा।

पुनः प्रस्ताव पारित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल को इस प्रस्ताव को लागू करने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही करने तथा इस प्रस्ताव के सम्बन्ध में उत्पन्न होने वाले प्रश्नों, संदेह व समस्याओं को अपने स्वतंत्र विवेकानुसार निष्पादन करने के लिये अधिकृत करने का प्रस्ताव पारित किया जाता है।

श्रीमती निधी (फोलियो संख्या : 0228647) ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया। अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव को मतदान के लिए रखा जिसको सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर सर्वसम्मति से पारित किया।

**9. एन.डीडीबी द्वारा प्रोत्साहित की जाने वाली सहकारी समिति की अंश पूंजी को सब्सक्राइव करने पर विचार करना और उसे अनुमोदित करना, तथा इस संबंध में निम्नलिखित विशेष प्रस्ताव को पारित करना :**

श्री गोरेलाल (फोलियो संख्या : 0024969) ने निम्नलिखित प्रस्ताव को विशेष प्रस्ताव के रूप में प्रस्तावित किया।

प्रस्ताव संख्या : 09 / 12वीं एजीएम : 14.08.2025 / 2025–26

''प्रस्ताव पारित किया जाता है कि कंपनी के अर्न्तनियम एवं बर्हिनियम तथा कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') के अध्याय XXIA और अधिनियम के अंतर्गत बनाए गए नियमों एवं विनियमों तथा अन्य सभी लागू प्रावधानों / कानूनों (जिसमें समय–समय पर किये गये वैधानिक संशोधन या पुनः अधिनियम को भी शामिल किया जाये) के अन्तर्गत कंपनी के सदस्यों की स्वीकृति प्राप्त की जाती है कि कंपनी एनडीडीबी द्वारा प्रवर्तित बहु–राज्य सहकारी समिति के सदस्य बने और कंपनी के सामान्य भण्डार (ळमदमतंस त्मेमतअमे) की अधिकतम 30% सीमा तक उस बहु राज्य सहकारी समिति के शेयरों की सदस्यता ग्रहण की जा सकती है।

पुनः प्रस्ताव पारित किया जाता है, कि कंपनी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी को इस प्रस्ताव को लागू करने हेतु आवश्यक सभी कार्यवाही करने और दस्तावेज निष्पादित करने के लिए पृथक रूप से अधिकृत किया जाता है।''

श्री अंशुल यादव (फोलियो संख्या : 0268817) ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव को मतदान के लिए जिसको सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर सर्वसम्मति से पारित किया।

ह./–
**शिव प्रताप**
**अध्यक्ष**
**डी.आई.एन.** 07894230

दिनांक : 14 अगस्त, 2025
स्थान – आगरा

मिनट बुक में प्रविष्टि की तारीख : 18 अगस्त, 2025
ह./–
कंपनी सचिव

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड

(सी.आई.एन. : U01403UP2014PTC066595)
रजि. कार्यालय : यूनिट नं. 401–02–03–04, चतुर्थ तल, पदम कॉर्पोरेट पार्क
प्लॉट नं. बी.एस.–10, सेक्टर–13, आवास विकास सिकन्दरा योजना, आवास विकास कॉलोनी
आगरा–282007 उत्तर प्रदेश, भारत, दूरभाष नं. +91–0562–6623300
E-mail : info@saahajmilk.com, Website : www.saahajmilk.com

## वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट

### आयगत बजट

| विवरण | इकाई | वित्तीय वर्ष 2026–27 |
|---|---|---|
| (अ) आय | | |
| दुग्ध की मात्रा | किलोग्राम / दिन | 7.41 |
| व्यापार (दुग्ध और दुग्ध उत्पाद) | रुपये लाखों में | 1,63,596.40 |
| अन्य आय | रुपये लाखों में | 1,116.50 |
| कुल आय | रुपये लाखों में | 16,47,129 |
| | | |
| (ब) व्यय | | |
| माल की लागत रूपांतरण सहित | रुपये लाखों में | 1,46,284.65 |
| स्थित एवं परिवर्तनशील लागत | रुपये लाखों में | 17,750.65 |
| कुल व्यय | रुपये लाखों में | 1,64,035.30 |
| | | |
| **कर पूर्व लाभ (अ–ब)** | रुपये लाखों में | 677.60 |
| | प्रतिशत (%) | 0.41% |

### पूँजीगत बजट

| विवरण | इकाई | वित्तीय वर्ष 2026–27 |
|---|---|---|
| प्रयोगशाला उपकरण | रुपये लाखों में | 794.58 |
| सूचना प्रौद्योगिकी विवरण | रुपये लाखों में | 99.68 |
| दफ्तर के उपकरण | रुपये लाखों में | 4.50 |
| कुल व्यय | रुपये लाखों में | 898.76 |

सहज®

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड

(सी.आई.एन. : U01403UP2014PTC066595)

रजि. कार्यालय : यूनिट नं. 401–02–03–04, चतुर्थ तल, पदम कॉर्पोरेट पार्क,
प्लॉट नं. बी.एस.–10, सेक्टर–13, आवास विकास सिकन्दरा योजना, आवास विकास कॉलोनी,
आगरा–282007, उत्तर प्रदेश, भारत, दूरभाष नं. +91–0562–6623300
E-mail : info@saahajmilk.com, Website : www.saahajmilk.com

## फॉर्म संख्या एम.जी.टी.–11

### प्रतिनिधि फॉर्म (प्रॉक्सी फॉर्म)
### (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 105(6) और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 19(3) के अनुसरण में)

| | | |
|---|---|---|
| सी.आई. एन. | : | U01403UP2014PTC066595 |
| कंपनी का नाम | : | सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड |
| पंजीकृत कार्यालय | : | प्लॉट नं. 401–02–03–04, चतुर्थ तल, पदम कॉर्पोरेट पार्क, प्लॉट नं. बी.एस.–10, सेक्टर–13, आवास विकास सिकन्दरा योजना, आवास विकास कॉलोनी, आगरा–282007, उत्तर प्रदेश, भारत |
| सदस्य(यों) का नाम | : | |
| पंजीकृत पता | : | |
| ई–मेल पता | : | |
| फोलियो संख्या | : | |

मैं/हम ............................................ उपर्युक्त नामक कंपनी के अंशों (शेयरों) के सदस्य होते हुए द्वारा निम्न को नियुक्त करते है –

1. नाम :
   पता :
   ई–मेल पता :
   हस्ताक्षर : .................................. या उनके न होने पर
2. नाम :
   पता :
   ई–मेल पता :
   हस्ताक्षर : ..................................

दिनांक 12 सितम्बर, 2026 दिन शनिवार को पूर्वान्ह 10:30 बजे दिव्या रिजार्ट, शास्त्रीपुरम्, UPSIDC औद्योगिक क्षेत्र, मंगलम् आधार अपार्टमेंट्स के सामने, आगरा–282007, उत्तर प्रदेश, भारत में होने वाली कंपनी की तेरहवीं वार्षिक आम सभा में मेरे/हमारे प्रतिनिधि (प्रॉक्सी) के रूप में निम्नवत दर्शित ऐसे संकल्पों (प्रस्तावों) के संबंध या उसके स्थान में मेरे/हमारे लिए भाग लेंगे एवं मतदान देंगे (मतदान में) :

| मद संख्या | प्रस्ताव | मतदान | | |
|---|---|---|---|---|
| | | पक्ष में | विरोध में | तटस्थ |
| 1. | 31 मार्च, 2026 का अंकेक्षित आर्थिक चिट्ठा, लाभ–हानि खाते, रोकड़ प्रवाह विवरण तथा अंकेक्षकों एवं निदेशकों की रिपोर्ट को प्राप्त करके उन पर विचार करना। | | | |
| 2. | कंपनी की समता अंश पूँजी पर सीमित लाभांश (डिविडेंड) पर विचार एवं घोषण करना। | | | |
| 3. | श्री राहुल कुमार (डी.आई.एन. : 09680147), जो "श्रेणी–सी" के अन्तर्गत आते हैं, के स्थान पर निदेशक की नियुक्ति पर विचार करना, जोकि चक्रिय क्रम से सेवानिवृत्त होंगे। | | | |
| 4. | श्रीमती सुलेखा (डी.आई.एन. : 10242846), जो "कोई श्रेणी नहीं" के अन्तर्गत आती हैं, के स्थान पर निदेशक की नियुक्ति पर विचार करना, जोकि चक्रिय क्रम से सेवानिवृत्त होंगे। | | | |
| 5. | श्री योगेश कुमार जादौन (डी.आई.एन. : 08526498), जो "श्रेणी–ए" के अन्तर्गत आते हैं, के स्थान पर निदेशक की नियुक्ति पर विचार करना, जोकि चक्रिय क्रम से सेवानिवृत्त होंगे। | | | |
| 6. | 1 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2027 तक की अवधि के लिए कंपनी के बजट पर विचार एवं अनुमोदन करना। | | | |
| 7. | कंपनी के अंर्तर्नियमों में संशोधन पर विचार एवं अनुमोदन करना। | | | |

.........................................., 2026 को हस्ताक्षरित

शेयरधारक (कों) के हस्ताक्षर

टिकट चस्पा करें।

प्रॉक्सीधारक (कों) के हस्ताक्षर

टिप्पणी : यह प्रॉक्सी फॉर्म प्रभावी होने के लिए सम्यक् रूप से पूर्ण एवं कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में वार्षिक आम सभा प्रारम्भ होने के कम से कम 48 घंटे पूर्व जमा किया जाना चाहिए।

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड

(सी.आई.एन. : U01403UP2014PTC066595)
रजि. कार्यालय : यूनिट नं. 401–02–03–04, चतुर्थ तल, पदम कॉर्पोरेट पार्क,
प्लॉट नं. बी.एस.–10, सेक्टर–13, आवास विकास सिकन्दरा योजना, आवास विकास कॉलोनी,
आगरा–282007, उत्तर प्रदेश, भारत, दूरभाष नं. +91–0562–6623300
E-mail : info@saahajmilk.com, Website : www.saahajmilk.com

## उपस्थिति पर्ची (Attendance Slip)

तेरहवीं वार्षिक आम सभा – 12 सितम्बर, 2026

| | |
|---|---|
| रजिस्टर्ड फोलियो संख्या | |
| धारित शेयरों की संख्या | |
| 16 अंकों का सदस्य कोड | |

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मैं कंपनी का एक पंजीकृत सदस्य/पंजीकृत सदस्य/(सदस्यों) का प्रतिनिधि (प्रॉक्सी) हूँ। मैं एतदद्वारा दिव्या रिजार्ट, शास्त्रीपुरम्, UPSIDC औद्योगिक क्षेत्र, मंगलम् आधार अपार्टमेंट्स के सामने, आगरा–282007, भारत में शनिवार, 12 सितम्बर, 2026 को सुबह 10:30 बजे आयोजित होने वाली कंपनी की तेरहवीं वार्षिक आम सभा में अपनी उपस्थिति दर्ज करता/करती हूँ।

सदस्य/प्रतिनिधि (प्रॉक्सी) का नाम

सदस्य/प्रतिनिधि (प्रॉक्सी) के हस्ताक्षर

नोट : सदस्यों/प्रॉक्सी धारकों से अनुरोध है कि वे इस उपस्थिति पर्ची को वार्षिक आम सभा में लाएं और इसे विधिवत हस्ताक्षरित प्रवेश द्वार पर सौंप दें।

# वार्षिक आम सभा के स्थल का रूट मैप




**एजीएम स्थल :**
दिव्या रिसोर्ट, शास्त्रीपुरम्, UPSIDC इण्डस्ट्रीयल एरिया
मंगलम आधार, आगरा–282007, उत्तर प्रदेश, भारत

सहज

## सहज सुदाना अपनाने के फायदे







## सहज शुद्ध दानेदार देशी घी

## सहज मिन अपनाने के फायदे



बुक–पोस्ट

प्रेषक :

**सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड**
(सी.आई.एन. : U01403UP2014PTC066595)
रजि. कार्यालय : यूनिट नं. 401–02–03–04, चतुर्थ तल, पदम कॉर्पोरेट पार्क
प्लॉट न. बी.एस.–10, सेक्टर–13, आवास विकास सिकन्दरा योजना, आवास विकास कॉलोनी
आगरा–282007, उत्तर प्रदेश, भारत, दूरभाष नं. +91–0562–6623300
E-mail : info@saahajmilk.com, Website : www.saahajmilk.com
**(प्राप्तकर्ता को प्राप्त न होने पर उक्त पते पर वापस भेजे)**